दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 153 | जयपुर | मंगलवार, 08 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष एकादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


**मौसम** जयपुर

24.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 73,137.90 -2,226.79 (2.95%)

निफ्टी 22,161.60 -742.85 (3.24%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 91,280 /10g

चांदी 1,03,000 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

## सेंसेक्स 3939 अंक गिरकर 1712 अंक संभला

**73,137 पर बंद हुआ, निफ्टी 3.24% गिरा; एशियाई बाजारों में 10% तक गिरावट**



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** शेयर बाजार में सोमवार 7 अप्रैल को साल की दूसरी बड़ी गिरावट आई। संसेक्स 2226 अंक (2.95%) गिरकर 73,137 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 742 अंक (3.24%) की गिरावट रही, ये 22,161 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले 4 जून 2024 को बाजार 5.74% गिरा था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में 7% तक गिरावट रही। जोमैटो का शेयर 0.17% ऊपर बंद हुआ। NSE के सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी मेटल सबसे ज्यादा 6.75% गिरा। रियल्टी में 5.69% गिरावट रही। ऑटो, फार्मा, सरकारी बैंक, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर 4% नीचे बंद हुए।

## एक दिन में सोने में 2,613 की बड़ी गिरावट

**शेयर मार्केट के साथ सोना-चांदी भी धड़ाम, 19% रिटर्न के बाद प्रॉफिट बुकिंग शुरू**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शेयर मार्केट में 7 अप्रैल को 3000 अंक से ज्यादा की गिरावट के बीच सोने और चांदी के दाम भी गिर गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,613 गिरकर 88,401 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 91014 थी। एक किलो चांदी की कीमत 4,535 गिरकर 88,375 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 92,910 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 3 अप्रैल को सोने ने 91,205 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम**

# 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' हमारा संकल्प : सीएम शर्मा

## प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देना हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' के विजन के साथ 'आपणो अग्रणी राजस्थान-आपणो स्वस्थ राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेशवासियों से जो वादा किया है, वह हर हाल में समय पर पूरा होगा। इसमें कोई लापरवाही नहीं होगी, यही हमारी कार्यशैली है।

### निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने पिछले एक साल में स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज निरामय राजस्थान जैसे व्यापक जन अभियान और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का शुभारम्भ किया गया है। इनमें टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी की शुरूआत, मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना की शुरूआत, 24 मोबाइल मेडिकल यूनिट 'राम रथ' तथा 10 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झण्डी, 29 यूनिट में स्तनपान प्रबन्धन इकाइयों का शुभारम्भ, ईट राइट राजस्थान अभियान तथा मिशन लीवर स्माइल का शुभारम्भ शामिल हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च, आयुष पद्धति से उपचार के लिए पैकेज का शुभारम्भ, एआई आधारित एकीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम, 50 चिकित्सा संस्थानों में हीमो डायलिसिस वार्ड का शुभारंभ भी आज किया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नवीन विभाग एवं अन्य सुविधाओं का भी आज लोकार्पण किया गया।

शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में निरामय राजस्थान अभियान एवं स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मरीज चिकित्सकों को भगवान के रूप में देखते हैं तथा चिकित्सक भी स्वस्थ समाज के निर्माण में महती भूमिका निभा रहे हैं। शर्मा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की कि वे निरामय राजस्थान अभियान का हिस्सा बनकर इसको जन अभियान बनाएं और आयुष्मान राजस्थान के संकल्प को साकार करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पद्धतियां स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं। साथ ही, संत-महात्माओं का भी अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योगदान है। नवरात्र के नौ दिन संयम, उपवास और साधना के माध्यम से हमें यह सिखाते हैं कि हमारी संस्कृति में भी स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया है।



### प्रधानमंत्री के लिए स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता

**शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। गांव, गरीब और महिलाओं की पीड़ा को समझा है और स्वास्थ्य सेवाओं की कायापलट करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जैसी योजनाओं से देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति आई है।**

### टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए देश के पहले समर्पित कार्यक्रम की शुरूआत

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने टाइप-1 डायबिटीज़ देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत जयपुर, नागौर, उदयपुर और जोधपुर के 12 जिला और उप जिला अस्पतालों से की गई। अब प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से ये प्रारंभ की जा रही है। साथ ही, आज शुरू हुई मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है। इसके तहत प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायत को 11 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### ईट राइट राजस्थान तथा मिशन लीवर स्माइल का शुभारंभ

शर्मा ने कहा कि फैटी लीवर रोग से बचाव, रोकथाम एवं उपचार की दिशा में आज शुरू किया गया मिशन लीवर स्माइल कार्यक्रम एक कारगर कदम सिद्ध होगा। साथ ही, जंक फूड से दूर रहकर अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने की दिशा में आज ईट राइट राजस्थान अभियान का भी शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि शिशुओं को केवल स्तनपान करवाया जाना उनके बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये आवश्यक है। इसी के दृष्टिगत आज 12 मेडिकल कॉलेज अस्पतालों व 17 जिला अस्पतालों की कुल 29 यूनिट में स्तनपान प्रबन्धन इकाइयों का शुभारम्भ किया गया है। शिक्षण प्रबंधन प्रणाली, मेडिकल कॉलेज जोधपुर में स्किल सेंटर और उम्मेद अस्पताल जोधपुर में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, जेके लोन अस्पताल जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मेडिकल जेनेटिक्स और महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर में रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एवं सर्जरी विभाग तथा महिला हॉस्टल का भी आज लोकार्पण किया गया है। निरामय राजस्थान के संकल्प को गति देने में ये सभी कार्य महत्वपूर्ण साबित होंगे।

### चिकित्सा विभाग के लिए मानव संसाधन में नहीं आने देंगे कमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल और सकारात्मक सुधार किए हैं। राजस्थान ने 3,355 टीबी मुक्त पंचायतें घोषित कर पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। साथ ही, चिकित्सा क्षेत्र में 24 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की है तथा लगभग 26 हजार पदों पर भर्तियों के लिए विभाग में तेजी से काम चल रहा है। चिकित्सा विभाग के लिए मानव संसाधन में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 27 हजार 660 करोड़ का बजट प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान था। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में भी स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बढ़ाकर लगभग 28 हजार 865 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचा सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हैल्थ इंफास्ट्रक्चर मिशन, मा वाउचर, राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम जैसे नवाचार किए हैं।

इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की तर्ज पर आज राज्य में निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत की गई है।

## महंगाई फिर तौड़ेगी कमर...

### 50 रुपए महंगा, उज्ज्वला के लाभार्थियों को भी झटका; आज से लागू



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा हो गया है। सोमवार 7 अप्रैल को पेट्रोल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी जानकारी दी। अभी दिल्ली में गैस सिलेंडर 803 रुपए में मिलता है। दाम बढ़ने के बाद कीमत 853 रुपए हो जाएगी। वहीं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के गैस सिलेंडर की कीमत 500 से बढ़कर 550 रुपए हो जाएगी। आखिरी बार सरकार ने 8 मार्च 2024 को महिला दिवस पर सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की कटौती थी। तब दिल्ली में सिलेंडर 903 रुपए का था।

### ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने दाम क्यों बढ़ाए?

पेट्रोलियम मंत्री ने कहा- ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को लागत से कम कीमत पर सिलेंडर बेचने के कारण लगभग 41,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इस घाटे को कम करने के लिए कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया।

### 1 अप्रैल को कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 44.50 घटाए थे

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1 अप्रैल को 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 44.50 तक घटाए थे। दिल्ली में इसकी कीमत 41 घटकर 1762 हो गई। पहले ये 1803 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 44.50 घटकर 1868.50 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1913 थे। मुंबई में सिलेंडर 1755.50 से 42 घटकर 1713.50 रुपए हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1921.50 का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 च्त्त वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है।






## ट्रंप की वजह से शेयर बाजार में गिरावट : राहुल गांधी

### पटना में कहा- देश में गरीब, आदिवासी सेकंड सिटीजन; मोदी जी माय एक्सपेरिमेंट विथ लाइज लिखेंगे

बढ़ता राजस्थान

**बेगूसराय,पटना।** सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार और RSS पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंटस् विथ ट्रुथ लिखा था। मोदी जी शायद माय एक्सपेरिमेंटस् विथ लाइज लिखेंगे। शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा, अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ी दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है।

आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा, देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है। आज इस देश में आदिवासी, दलित सेकंड सिटिजन है। राहुल गांधी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बेगूसराय में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में हिस्सा लिया। कन्हैया कुमार के साथ एक किलोमीटर पैदल यात्रा की।

**एनडीए सरकार अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचा रही**-राहुल गांधी ने बिहार की नीतीश सरकार की आलोचना करते हुए कहा, बिहार में नीतीश सरकार जो काम कर रही है, उससे अडाणी-अंबानी को फायदा हो रहा है। हमारी सरकार आई तो हम लोगों के लिए काम करेंगे।

**जातीय गणना कराने का वादा किया**-राहुल ने कहा है, देश में अगर आप दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, ईबीसी और महिला हो तो आप सेकेंड क्लास सिटीजन हैं। ये मैं ऐसे ही नहीं बोल रहा हूं। पढ़ लिखकर बोल रहा हूं। तेलंगाना में हमने जातीय गणना करवाई। उनका पूरा का पूरा डेटा हमारे पास है। इससे हम आपको आपका हक दिलवा सकते हैं। मोहन भागवत कहते हैं, जातीय गणना नहीं होनी चाहिए। अगर आपको चोट लगती है तो डॉक्टर कहता है कि एक्स-रे करो। इससे कुछ नुकसान नहीं होता। वहीं एक्स-रे हम कर रहे हैं।



**मजदूरी करने वाले 90 फीसदी दलित-आदिवासी**-राहुल ने कहा, अगर आप मजदूरों की लिस्ट निकालो, घर में काम करने वालों की लिस्ट निकालो तो 90 फीसदी दलित, आदिवासी, गरीब हैं। तेलंगाना का पूरा का पूरा डेटा हमारे हाथ में है, जो मोदी जी आपको नहीं देना चाहते हैं।

# धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाल कर मनाया श्री राम जन्मोत्सव

## श्रद्धालुओं ने किया भये प्रगट कृपाला का वाचन





बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्र में रविवार को श्री रामनवमी का पर्व बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कस्बा स्थित श्री सीताराम मंदिर व श्रीराम भवन परिसर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम का आलौकिक श्रृंगार कर मन्दिर को विशेष रूप से सजाया गया। भगवान श्रीराम दरबार की मनमोहक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा भये प्रगट कृपाला का वाचन करने के साथ ही राम जन्म के वृतान्त सहित राम धुनि के माध्यम से भगवान राम का गुणगान किया गया। दोपहर 12 बजे पुजारी श्री सीताराम मंदिर पुजारी मनीष शर्मा, श्री रामभवन मंदिर पुजारी महेश टीलावत के द्वारा आरती कराकर चरणामृत व पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया। सायं 4.00 बजे से हिंदू जागरण समिति श्री सीताराम मंदिर ग्रामजन के तत्वाधान में श्री रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान ओमकार ग्रुप शाहपुरा द्वारा राम दरबार, शिव पार्वती, राधा कृष्ण की झांकी मुख्य आकर्षण रही, बड़ी संख्या में रामभक्तो ने राम नाम के जयकारे लगाए। रात्रि को संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रीगोपाल भैया मंदिर महंत मोहनदास महाराज ने भव्य शोभायात्रा की आरती कर संपन्न किया। इस दौरान वीरेंद्र पुजारी, पं.सत्यनारायण टीलावत, विनोद पुजारी, मनीष पुजारी, विशाल पुजारी,एडवोकेट विष्णु शर्मा, मोहित जोशी, महेश टोरडा वाला, कैलाश बटवाल, गोपाल टीलावत, रवि कुमार पटेल,अमोल शर्मा, महावीर यादव,पंकज जिंदल,एडवोकेट प्रदीप सैन, सुशील योगी,मनीष सैन,विकास शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि विकास पुजारी रघु शर्मा,कमलेश शर्मा, ध्रुव कुमार सैन,पं.सुरेश कुमार शर्मा, पवन गोयल,सुरेश सैन,राजेश अग्रवाल, मनोहरलाल जांगिड, नरेश सामरवाल, कमल यादव,विप्र वाहिनी अध्यक्ष दीपक पटेल, पूर्व उप सरपंच गिरिराज बोहरा, सांवर बोहरा,दीपक बोहरा, रामलीला मंडल अध्यक्ष योगेश जागीरदार,नितेश शर्मा, धर्मेंद्र बटवाल, शुभम्, राघव टीलावत, प्रियांशु मिश्रा,तरुण शर्मा,ललित शर्मा, राजू चौधरी, एडवोकेट लोकेश कुमार शर्मा,हितेंद्र लाटा, प्रमोद शर्मा,हितेंद्र लाला पटेल,सचिन गंगावत,विप्र समाज तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, जीएसएस डायरेक्टर नीरज सैन, प्रहलाद सैन,समाजसेवी कन्हैयालाल मीणा,जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्रसिंह,विराटनगर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर,जमवारामगढ़ विधायक महेंद्रपाल मीना सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालुभक्त मौजूद रहे। वही कस्बे स्तिथ श्री राम भवन मंदिर में पिछले 9 दिवसीय रामायण पाठ का समापन 8 अप्रैल को सामूहिक सुंदर कांड पाठ, हवन यज्ञ के साथ सम्पन्न किया जाएगा। हवन यज्ञ के पश्चात 12 बजे से परसादी वितरण शुरू किया जाएगा,सायं 5 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। वही प्रागपुरा कस्बे में हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे मुख्य आकर्षण भगवा रंग रैली, विशाल हाई डीजे, वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भव्य शोभायात्रा के दौरान तलवारबाजी, लठ प्रहार, पट्टेबाजी,अग्नि प्रहार सहित अन्य करतब प्रस्तुत किए गए।



## श्रीमहावीरजी में भगवान महावीर के वार्षिक लक्खी मेले का झंडारोहण के साथ शुभारंभ हुआ

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्रीमहावीरजी में भगवान महावीर के 2624वें जन्मकल्याणक महोत्सव पर वार्षिक लक्खी मेले का सोमवार को झंडारोहण के साथ शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय इस मेले में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।अतिशय क्षेत्र मंदिर कमेटी के प्रबंधक नेमी कुमार पाटनी और प्रशासनिक अधिकारी विष्णु सिकरवार ने मुख्य मंदिर प्रवेश द्वार पर ध्वजारोहण कर मेले का विधिवत उद्घाटन किया।मेले के पहले दिन 10 अप्रैल को कटला प्रांगण से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इसके बाद जल यात्रा, स्कूली बच्चों को मोदक वितरण और अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। दोपहर में श्री वीर संगीत मंडल जयपुर के सहयोग से सामूहिक पूजन होगा। शाम को कलेक्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे और दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

12 अप्रैल को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। 13 अप्रैल को दोपहर 2 बजे कटला परिसर से विशाल रथयात्रा निकलेगी, जो गंभीर नदी तट तक जाएगी। वहां भगवान महावीर का जल से अभिषेक किया जाएगा।मेले का समापन 14 अप्रैल को गंभीर नदी के तट पर कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के साथ होगा। इस दौरान खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। रात्रि में राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### मेवाड़ टूरिज़्म कप में पहली बार हुए दो फाइनल

# ताज ने उदय विलास को और मेवाड़ टूरिज़्म क्लब ने आरटीसी को हराकर खिताब पर किया कब्जा

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ टूरिज्म कप 2025 के दो फाइनल मुकाबलों में दी ताज होटल ने होटल उदय विलास को 89 रनों से हराकर और दूसरे फाइनल में मेवाड़ टूरिज़्म क्लब ने आरटीसी को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हराकर खिताब पर कब्ज़ा किया। पहली बार मेवाड़ टूरिज़्म कप के दो खिताब होटल्स और नॉन होटल्स के बीच हुए। वुडनस्ट्रीट द्वारा प्रस्तुत मेवाड़ टूरिज़्म कप 2025 के पहले मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दी ताज होटल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 198 रन का स्कोर बनाया। द ताज होटल की ओर से कृष ने शानदार नाबाद अर्धशतक लगाते हुए 79 रन जितेंद्र ने 30 रन और विनय राणा ने 27 रनों का योगदान दिया। उदय विलास की ओर से गिरिराज कुम्हार ने दो विकेट हासिल किया। जवाब में होटल उदय विलास की टीम 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी।होटल उदय विलास की ओर से नीतीश कुमार ने 40 रनों का योगदान दिया। दी ताज होटल की ओर से एलएस मालवीय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 2 रन देकर 4विकेट हासिल किया। दी ताज होटल के कृष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे फाइनल में मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने आरटीसी को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाए। मेवाड़ टूरिज्म क्लब की ओर से उदित धाभाई ने 38 रन और सिद्धराज सिंह ने 21 रन एवं यदुराज सिंह कृष्णावत ने 20 रनों का योगदान दिया। आरटीसी की ओर से ओम बड़लियास ने तीन विकेट और हर्षित धाभाई ने दो विकेट हासिल किया। जवाब में आरटीसी निर्धारित 20 ओवर में 129 रन ही बना सकी। आरटीसी की ओर से सूरजप्रीत सोनी ने 35 रन और ओम बड़लियास ने 31 रनों का योगदान दिया। मेवाड़ टूरिज्म क्लब की ओर से अंशुल बाबेल, सिद्धराज सिंह और प्रतीक परिहार में क्रमश: 2-2-2 विकेट हासिल किये। रोमांचक मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए मेवाड़ टूरिज्म क्लब के प्रतीक परिहार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मेवाड़ टूरिज्म कप 2025 (होटल) के तहत मयूर मेवाड़ा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़, अखिलेन्द्र सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़, ओपी जांगिड़ सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और गिरिराज कुम्हार मैन ऑफ द सीरीज-गिरिराज कुम्हार चुने गए। मेवाड़ टूरिज्म कप 2025 (नॉन होटल्स) में यदुराजसिंह कृष्णावत सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ और मैन ऑफ द सीरीज़, नमन सरूपरिया सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और उदित धाबाई सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुने गए। प्रतियोगिता के समापन समारोह में वुडेन स्ट्रीट से लोकेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं वीरम देव सिंह, दिग्विजय सिंह काकरवा, बलराज, जितेंद्र सोडा आदि मौजूद रहे।

## चार दिवसीय महावीर जयन्ती कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेटेलाईट हॉस्पीटल में किया फल वितरण




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** महावीर जैन जागृति परिषद् उपनगरीय क्षेत्र हिरण मगरी द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अन्तर्गत चार दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला का शुभारंभ आज सेवा कार्य से किया गया। परिषद् द्वारा प्रथम दिन आज सैटेलाईट हॉस्पीटल में फल वितरण किया गया व अपना घर गौशाला परशुराम चौराया गायरियावास में गायो को चारा वितरण किया गया।

इस अवसर पर कोर कमेटी के सदस्य डॉ. हिम्मत लाल वया, अरूण बया, दिनेश नन्दावत, राजेन्द्र डांगा, आर.सी. मेहता, सुशील जी बांठिया, राजेन्द्र अखावत, हेमन्त पामेचा व पूर्व मंत्री अखिल साधुमार्गीय जैन संघ उदयपुर के पारसमल डांगा, महावीर समिति अध्यक्ष हिम्मत दक, मंत्री कमलेश सामर, हेमन्त रामपुरिया सेक्टर नं.5, चन्द्र प्रभु मन्दिर से.नं. 5 से गजेन्द्र भादावत, गणपत लाल, राकेश पोरवाल (पार्षद), महिला प्रकोष्ठ से वन्दना बाबेल, चंचल माण्डावत, उषा कुणावत, उषा मेहता, सरला बांठिया, आशा नावड़िया, सीमा जैन, विद्या खरवड़, मोनिका पगारिया, सोनिका जैन व सैटेलाईट हॉस्पीटल के अधीक्षक राहुल जैन, सुरेश खोखावत एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक व हॉस्पीटल में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। महिला मण्डल की संयोजिका वंदना बाबेल, चंचल मांडावत, मोनिका पगारिया एवं संगीता बोहरा ने बताया कि परिषद् द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अन्तर्गत कल 8 अप्रैल को उपनगर में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान सेक्टर नं. 4 महिला मंडल द्वारा चौबीसी एवं मेहन्दी का कार्यक्रम होगा जिसमें 1000 सभी उपनगर के महिला मंडल से महिलाएँ भाग लेगी।

## डी पी एस, उदयपुर के छात्रों की एस ओ एफ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष उपलब्धि

बढ़ता राजस्थान



RITISHA JAIN
CLASS 7
IMO- International Rank 3,



REYANSH JAIN
CLASS 7
IMO- International Rank 8,
NSO- International Rank 52



SIDDHESH THORAT
CLASS 7
NSO- International Rank 62

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड के सेकंड लेवल की परीक्षा में अपनी एकेडमिक प्रतिभा, अध्ययन के प्रति लगन व निष्ठा का परिचय देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की है।

कक्षा 7 की रितिशा जैन ने इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड के सेकंड लेवल में इंटरनेशनल रैंक तीन प्राप्त की है। इस उपलब्धि के लिए उसे 10,000 का नकद पुरस्कार, इंटरनेशनल कांस्य पदक, सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस प्रदान किया गया है। कक्षा 7 के रेयांश जैन ने इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड के सेकंड लेवल में इंटरनेशनल रैंक 8 प्राप्त की है। उसे 1000 नकद, जोनल कांस्य पदक, सर्टिफिकेट का जोनल एक्सीलेंस प्रदान किया गया है। रेयांश ने नेशनल साइंस ओलंपियाड के सेकंड लेवल में इंटरनेशनल रैंक 52 प्राप्त की है। उसे 1000 नकद, जोनल कांस्य पदक, सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस प्रदान किया गया है। इसी क्रम में कक्षा 7 के सिद्धेश थोरट ने नेशनल साइंस ओलंपियाड के सेकंड लेवल में इंटरनेशनल रैंक 62 प्राप्त की है। उसे पुरस्कार के रूप में 500 नकद तथा सर्टिफिकेट का जोनल एक्सीलेंस दिया गया है। छात्रों की इस शानदार सफलता के लिए प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया व उप प्राचार्य राजेश धाभाई ने सभी विजेता विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की है।

## सदर थाना पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार आरोपी बिनेगा निवासी सियाराम मीना है।पिछले साल 28 मई को सियाराम मीना और 2-3 अन्य लोगों ने गढ़ी पट्टी निवासी राजीव मीना पर लाठी-डंडों और हथियारों से हमला किया था। इस हमले में राजीव गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया था।घटना के बाद से फरार चल रहे सियाराम की बिनेगा में मौजूदगी की सूचना पुलिस को मिली। थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम ने वहां दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में पुलिसकर्मी भूपेंद्र, हेमेंद्र और संजय शामिल थे। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## वैष्णव बैरागी समाज के प्रथम विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर पर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** वैष्णव बैरागी समाज के तत्वावधान में जमुना गार्डन निवाई में 12 मई पीपल पूर्णिमा को प्रथम निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। समिति अध्यक्ष गुलाब वैष्णव खंडवा ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी गांव-गांव में समाज बंधुओं से संपर्क कर सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने व सहयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर जोड़ों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। रजिस्ट्रेशन के लिए समिति के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है। सम्मेलन कार्यकारणी में मुख्य संयोजक के पद पर मोतीलाल जीवली, परशुराम बरोनी, उपाध्यक्ष सीताराम बरोनी, शिवजीराम गोहरपुरा व महामंत्री के पद पर भंवर करीरिया को शामिल किया गया। अध्यक्ष गुलाब खंडवा ने आह्वान करते हुए कहा कि सम्मेलन को लेकर समाज के लोग तन मन धन से सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में जोड़ों के अलावा सभी समाज बंधु नगद राशि व वर-वधु को उपहार देकर इस पुण्य के कार्य में भागीदार निभाएं।

## विजयवर्गीय समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का मरमी एवं लसाड़िया ग्राम में भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** विजयवर्गीय मेवाड़ महासभा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गी का क्षैत्र के मरमी एवं लसाडिया ग्राम में समाजजनो द्वारा आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। विजयवर्गीय समाज के युवा सदस्य आयुष विजयवर्गीय ने बताया कि गत दिनों विजयवर्गीय मेवाड़ प्रदेश महासभा के सम्पन्न चुनाव में कपासन निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक घनश्याम विजयवर्गीय विजय हुवे। इस उपरांत प्रथम बार कपासन विधानसभा क्षेत्र के मरमी एवं लसाड़िया ग्राम आगमन पर क्षेत्रीय विजयवर्गीय समाज अध्यक्ष अर्जुनलाल विजयवर्गीय, महामंत्री रामजस,बंशीलाल,रतनलाल,मांगीलाल सहित लसाड़िया ग्राम में स्वागत दौरान राधेश्याम, ओमप्रकाश ,अरविंद,महेंद्र कुमार,चिराग,अवंती कुमार,महिला अध्यक्ष ललिता विजयवर्गीय, भाग्यवती, सुमित्रा,गायत्री ,वंदना, स्नेहलता,विष्णु,कांता,सोनू,पुष्पा आदि समाज उपस्थित रहे।साथ ही उपस्थित समाजजनों द्वारा नवनिर्वाचित विजयवर्गीय समाज प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय का मेवाड़ी पगड़ी,उपरना एवं माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय ने कहाकि समस्त समाजजनो से सामंजस्य स्थापित करते हुवे संगठित रूप में रचनात्मक कार्य किये जायेंगे।

## धूमधाम से अम्बेडकर जयंती मनाने का निर्णय भीमआर्मी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** भीमआर्मी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक सोमवार को कस्बे स्थित ग्राम रामपुरा में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को सर्वसम्मति से भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाये जाने का निर्णय लिया। साथ हि पूर्व जिला सचिव अजय मेघवंशी व कैलाश नैनावत को संयोजक नियुक्त कर उन्हें अम्बेडकर जयंती समारोह की जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, राजकीय सेवाओं में चयनित एवं नीट व अन्य परीक्षाओं में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को सम्मानित करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर योग क्रियाओं की जानकारी दी योग स्वस्थ जीवन का आधार : बलदेव शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुनेड़ में सोमवार को विद्यार्थियों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर योग गुरु पूरणमल यादव के निर्देशन में योग कर अपने आप को स्वस्थ रखने के लिये अनेक योगासन सीखें। यादव ने विद्यार्थियों को विविध योग क्रियाओं की जानकारी प्रदान करते हुये उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के अनेक कारगर उपाय भी बताये। उन्होंने ध्यान योग क्रियाओं के माध्यम से एकाग्रता, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, त्राटक व अनेक योगासन सीखाते हुये बताया कि प्रतिदिन हमें योग करना चाहिये, ताकि इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में हम स्वस्थ और प्रसन्न रह सकें। प्रधानाचार्य बलदेव शर्मा ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। आप योग को अपने जीवन का अंग बनाये, जिससे आप ना केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रह सकेगें। प्राणायाम के द्वारा आप अपने मन और मस्तिष्क को नियंत्रित करना सीख सकते हैं। हमारा सदैव ये प्रयास रहता है कि विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक गतिविधियों में भी कुशल व सशक्त बनें और सदैव सकारात्मक सोचें। अंत में योग गुरु पूरण मल यादव को सर्वहित अच्छा कार्य करने के लिए विद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जयसिंह गौशाला कोटपूतली की लापरवाही से रोज़ दम तोड़ रहे हैं गाय-बछड़े

## मरे हुए गोवंश को लेकर ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय, सख्त कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** श्री जयसिंह गौशाला में व्याप्त लापरवाही अब जनआक्रोश का कारण बन चुकी है। बीमार और कमजोर गायों की अनदेखी, चारे-पानी की भारी कमी और इलाज की गैर-मौजूद व्यवस्था के चलते गौवंश की लगातार हो रही मौतों से आक्रोशित स्थानीय नागरिकों और गौसेवकों ने सोमवार को मृत गोवंश को पिकअप में लादकर उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने गौशाला प्रबंधन समिति के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि गौशाला में गोसेवा के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। न तो बीमार गायों का इलाज किया जा रहा है, न ही उन्हें पर्याप्त और पोषक चारा दिया जा रहा है। यहाँ तक कि कई गौवंश भूख और प्यास से तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। हालत यह है कि मृत गायों के शव कई दिनों तक खुले में पड़े रहते हैं, जिन्हें उठाने की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में आवारा कुत्ते भी बीमार व कमजोर गौवंश को अपना निवाला बना रहे हैं।गौसेवक राजू गुर्जर और मोहित सैनी ने बताया कि पूर्व में भी इस विषय पर कई बार ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन गौशाला समिति द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वहीं पार्षद उमेश आर्य ने बताया कि जब भी समिति से सवाल पूछे जाते हैं, तो वे जवाब देने से बचते हैं।इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें दोषी गौशाला प्रबंधन के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

इस मौके पर उपस्थित प्रमुख जनसमाजसेवी पार्षद तारा पूतली के छोटे भाई भूपसिंह पूतली, अंकित शर्मा, उमेश आर्य, राजवीर कसाना, लाला मीणा, राहुल पटेल, योगेश पायला, चिन्नू ठाकर, संतू सुन्दरपुरा, करन रावत, तेजेन्द्र रावत, अमित सैनी, राजन शर्मा, मयंक शर्मा, मोनू मीणा, अनिल फौजी सहित अन्य जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।स्थानीय लोगों का कहना है कि गौशालाएं जिनका उद्देश्य गोवंश की सेवा व सुरक्षा था, आज भ्रष्टाचार और लापरवाही का अड्डा बनती जा रही हैं। यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता, तो यह पूरे समाज के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति होगी।

### मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को सुना तथा अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनी तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादी को राहत दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके पर जाएं, जिससे जमीनी स्थिति का पता चल सके एवं समस्या का समाधान शीघ्र किया जा सके।

जनसुनवाई में जहां एक ओर मुख्यमंत्री ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे जितेन्द्र के निःशुल्क इलाज तथा पूर्ण देखभाल के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया, वहीं दूसरी ओर दिव्यांग स्ट्रीट वेंडर्स को उचित जगह उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जिससे उन्हें राहत मिल सके। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग सहित सभी वर्गों के लोगों की फरियाद सुनी। उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को इन वर्गों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कर मुख्यमंत्री कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आगामी समय में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन कर सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

### श्री निंबार्ककृष्ण बिहारी जी भगवान के नवम् पाटोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत् सप्ताह के तृतीय दिवस पर विशेष कार्यक्रम

# नवम पाटोत्सव महोत्सव के अर्न्तगत भक्त प्रहलाद, ध्रुव, और नरसिंह अवतार की कथा सुनाई





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान के नवम् पाटोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत् सप्ताह के तृतीय दिवस पर एक भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। इस आयोजन में बाबा संत महाराज श्री कृष्ण शरण जी (कल्याण दास जी) के आशीर्वाद से पंडित रमेश चंद शास्त्री (रौली वाले) ने व्यास पीठ पर आसीन होकर श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण के अद्भुत लीलाओं और अवतारों के विषय में बताया। इस अवसर पर भक्तों को भगवान के 24 अवतारों के साथ-साथ भक्त प्रहलाद, ध्रुव और नरसिंह अवतारों की कथा भी सुनाई गई। शास्त्री जी ने समुद्र मंथन की कथा भी उपस्थित जनसमूह को सुनाई, जिसमें उन्होंने भगवान के रूपों की महिमा और उनके अद्वितीय कार्यों का विस्तृत रूप से वर्णन किया। इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और श्रीमद् भागवत के संदेश को ध्यान से सुना। आयोजकों ने इस पावन अवसर पर सभी भक्तों को भगवान के भव्य दर्शन और आशीर्वाद का लाभ उठाने का मौका दिया। आयोजन के दौरान बाबा संत महाराज श्री कृष्ण शरण जी ने भी भक्तों को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, साथ ही सभी को आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया। यह आयोजन श्री निंबार्ककृष्ण बिहारी जी भगवान के पाटोत्सव के उपलक्ष्य में एक विशेष धार्मिक घटना के रूप में याद किया जाएगा और इससे सभी भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को प्रेरणा मिलेगी।

# मदरसों में शुरू हुआ सेनेटरी नैपकिन चेतना अभियान 'पीरियड का पीरियड' का प्रथम चरण

### आयोजित वर्कशॉप में छात्राओं को मिली मासिक धर्म स्वास्थ्य व जागरूकता से संबंधी जानकारियाँ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान मदरसा बोर्ड व जगन फाउंडेशन की पहल पर राजस्थान मदरसा बोर्ड से पंजीकृत मदरसों में सेनेटरी नैपकिन चेतना अभियान पीरियड का पीरियड के प्रथम चरण की शुरुआत सोमवार को जयपुर के हटवाड़ा स्थित मदरसा ज़ीनतुल उलूम से हुई। अभियान का शुभारंभ अतिरिक्त निदेशक, अल्पसंख्यक मामलात विभाग श्री अबू सूफियान चौहान के मुख्य आतिथेय में हुआ। इस दौरान सचिव, राजस्थान मदरसा बोर्ड श्री चेतन चौहान, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक सिद्धा, इमाम श्री मोहम्मद मुफीद, जगन फाउंडेशन की निदेशक सुश्री मालविका मुद्गल सहित मदरसा बोर्ड के अधिकारीगण/कर्मचारीगण, मदरसा ज़ीनतुल उलूम की छात्राएं और शिक्षकगण व जगन फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिरिक्त निदेशक, अल्पसंख्यक मामलात विभाग अबू सूफियान चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं के समग्र विकास के लिए सही पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य की अच्छी देखभाल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक कुदरती प्रकिया है तथा इसकी मालूमात हर बच्ची को होनी चाहिए। मासिक धर्म स्वास्थ्य की जागरूकता व इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने लिए मदरसा बोर्ड व जगन फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहा अभियान एक अच्छी पहल है। चौहान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं और किशोरियों को स्कूल, कॉलेज, मदरसों, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से निःशुल्क सैनेट्री पैड वितरित किए जा रहे है।

जगन फाउंडेशन की निदेशक सुश्री मालविका मुद्गल ने बताया कि इस अभियान के तहत छात्राओं को वर्कशॉप के माध्यम से मासिक धर्म स्वास्थ्य व जागरूकता से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन के उपयोग का सही तरीका तथा मासिक धर्म से जुड़ी गलतफहमियों, शर्म और झिझक को दूर करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रचनात्मक तरीकों से मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी किट व नैपकिन भी फाउंडेशन की ओर से दी जाएगी। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने पोस्टर का विमोचन किया तथा हाल ही में हुए मदरसा खेल महोत्सव में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

# नाला सफाई के 10 दिन बाद भी नहीं उठा कचरा, गहलोत मार्केट के व्यापारियों में भारी रोष

### नगर परिषद कोटपूतली की लापरवाही उजागर, दुकानदारों ने जताया विरोध



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** नगर परिषद कोटपूतली की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। गहलोत मार्केट में लगभग 10 दिन पूर्व हुई नाला सफाई के बाद भी वहां जमा हुआ कचरा और गंदगी अब तक नहीं उठाई गई, जिससे इलाके में गंदगी फैल रही है और दुर्गंध से आमजन व दुकानदारों का बुरा हाल है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि नाला सफाई के दौरान जो गंदा कचरा बाहर निकाला गया था, वह अब तक सड़क किनारे पड़ा है। न तो उसे उठाने की कोई व्यवस्था की गई और न ही नगर परिषद का कोई कर्मचारी मौके पर दिखाई दे रहा है। इससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि मच्छरों और संक्रमण की आशंका भी बढ़ गई है।

**व्यापारियों में दिखा आक्रोश :** गहलोत मार्केट के व्यापारियों ने नगर परिषद के खिलाफ नाराज़गी जताते हुए कहा कि यदि जल्द ही कचरा नहीं उठाया गया तो वे प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। दुकानदारों का कहना है कि नगर परिषद केवल कागजों में सफाई दिखाकर खानापूर्ति कर रही है, जबकि ज़मीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है।

**प्रशासन से की गई कार्रवाई की मांग :** व्यापारियों ने नगर परिषद प्रशासन से तत्काल कचरा हटवाने और नियमित सफाई व्यवस्था लागू करने की मांग की है, ताकि बाजार में आने वाले ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो और क्षेत्र स्वच्छ बना रहे।

# बजट घोषणाओं के कार्यों को गति देते हुए कार्य समयबद्ध करें एवं गर्मी के मद्देनजर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें- जिला कलक्टर

### जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को गति देते हुये भूमि चिन्हिकरण, भूमि आवंटन, नवीन कार्यों की डीपीआर, टैंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करते हुये विकास कार्यों को समय पर पूरा करें जिससे विकास कार्यों का लाभ आमजन को मिल सके।

उन्होंने बजट घोषणाओं के प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा।उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुये जिले व शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ रखें जिससे आमजन को पेयजल की परेशानी न होद्य उन्होंने क्रिटिकल एरिया को चिन्हित करते हुए पेयजल आपूर्ति के संबंध में तैयारियां पुख्ता रखने को कहा.अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए सड़क, बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं से सम्बंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे आमजन को समय पर लाभ मिल सके।बैठक में उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार, संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश में एम-सेण्ड का उत्पादन 8 मिलियन टन से बढ़ाकर 2028-29 तक 30 मिलियिन टन तक पहुंचाया जाएगा, बजरी के विकल्प के रुप में होगा सहज व सस्ता विकल्प

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** प्रमुख शासन सचिव खान, भूविज्ञान एवं पेट्रोलियम श्री टी. रविकान्त ने कहा है कि प्रदेश में बजरी के विकल्प के रुप में एम-सेण्ड की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 8 मिलियन टन सालाना उत्पादन को प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत बढाते हुए 2028-29 तक 30 मिलियन टन तक ले जाने का लक्ष्य रख कर विभाग आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में हाल ही समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में पहलीबार एम-सेण्ड यूनिट की स्थापना के लिए 24 प्लॉटों की सफल नीलामी की गई है। टी. रविकान्त ने जिला कलक्टरों को पत्र लिखकर एम-सेण्ड के उत्पादन के लिए कच्चे माल की उपलब्धता और एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए कार्ययोजना तैयार करवाने को कहा है।

# मुख्यमंत्री ने किया स्तनपान प्रबंधन ईकाई (एलएमयू) का वर्चुअल लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा सोमवार को कस्बे के राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय में नवनिर्मित स्तनपान प्रबंधन ईकाई (एलएमयू) का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। जिसमें नवजात शिशुओ की माताओं को स्तनपान सम्बधित परामर्श व इससे सम्बधिंत भ्रांतियों एवं आने वाली समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

यह ईकाई विशेषतया़ कम वजन एवं समय से पूर्व जन्मे नवजात शिशुओं के लिये अत्यधिक सहायक होगी, जो कि अपने आप मॉ का दुध नहीं पी सकते उनके लिये अधिक सुविधाजनक होगी। इस दौरान कार्यवाहक पीएमओ डॉ. सतीश कुमार अग्रवाल, शिशु विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार, एलएमयू प्रभारी डॉ. दीपक सैनी, डॉ. सुमित्रा सिंह, डॉ. मंजू मौर्य, नर्सिंग अधीक्षक पूरण सिंह शेखावत, बाबूलाल नैनावत, बलबीर सिंह यादव, राजबाला बाई, राजेन्द्र शर्मा समेत अन्य स्टॉफ एवं मातायें उपस्थित रही है।

# गर्मी के दिनों में यूनानी चिकित्सा के कुछ आसान नुस्ख़े : डॉ लियाक़त अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** नीम की नीमझर,अजवाइन, समुंदर का झाग उक्त तीनों को बारीक पीस कर रूई के अंदर भर कर शुद्ध तिल के तेल में एक दिन भिगो कर रख दें दूसरे दिन इसको जला कर काजल बना को कर इसे गाय के घी में मिला कर किसी डिब्बी में भर लें । यह नेत्रों की ज्योति बढ़ाने में सर्वोत्तम काजल है । यह समस्त नेत्र विकार को दूर करने में सहायक है ।

-नीम की सूखी पत्तियों को आग में जला कर पीस कर गाय के घी में मिला कर रख लें । इसे बच्चों एवं युवाओं के फोड़ें फुंसी होने पर मरहम के रूप में प्रयोग करें।

-नीम की हरी पत्तियों को तोड़कर 4-5 किलो पानी में उबाल लें , उबालते समय बर्तन को ढक कर रखें उबाल आने पर नीचे उतार लें और गुनगुना हो जाने पर छान लें । इससे स्नान करने से खाज खुजली एवं त्वचा के भयंकर दुष्कर रोगों में लाभदायक सिद्ध होगा ।

-चेत्र मास में नीम में नई कोपलें आती हैं जो नीम की डालियों के सिराओं पर लगती हैं। नित्य दो कोपलें प्रात: खाली पेट खाने से खून साफ़ होता है तथा गर्मियों में मच्छर काटने से मलेरिया बुखार होने की आशंका भी नहीं रहती तथा चहेरे पर फोड़ें फुँसी नहीं बनते हैं ।

-शुद्ध शहद को प्रात: आँखों में आँजने से आँखों के समस्त विकार दूर होते हैं । वहीं आँखें पूरे दिन तरोताज़ा बनी रहती हैं ।

- त्रिफला को रात्रि में भिगो कर रख दें । सवेरे काँच के प्याले में उक्त भिगोये हुए पानी को छान आँखों को डुबोनें से आँखों के विकार, आँखों में पानी आना, आँखों में जलन दूर होती हैं ।

-मूली खाने के बाद थोड़ा सा गुड़ तथा मूली के पत्ते खाने से मूली की डकार नहीं आती है ।

-ज़्यादा केलें खाने के बाद दो इलाइची चबाने से डकार नहीं आती हैं ।

-हिचकी को रोकने के लिए छोटी इलायची को उबाल कर गुनगुना थोड़ा थोड़ा पानी पियें ।

-खाना खाने के बाद जरा सी सौंफ खाने से खाना जल्दी पच जाता हैं और सीने में जलन भी नहीं होगी ।

-गुलाब जल आँखों में डालने से आँखों की उम्र में इजाफ़ा होता हैं साथ ही आँखों के रोग नहीं होते हैं । इसे पीने से मस्तिष्क शान्त प्रिय और तरोताज़ा रहता हैं ।

**डॉ.लियाक़त अली मंसूरी**
**( यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थैरेपी स्पेशियलिस्ट )**
**एस एम एस अस्पताल, जयपुर ( राज. )**


## राजस्थान सरकार
## कार्यालय अधीक्षक, राजकीय संग्रहालय व महल आमेर

कार्यालय दूरभाष नं. 0141-2530293 email- supam.amber@rajasthan.gov.in
क्रमांक़ प. ( ) रा.सं.व म.आ./2025/3641 दिनांक - 04.04.2025

### सीमित निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आमेर महल स्थित नौबतखाना में नियमित रूप से प्रात: 08.00 बजे से प्रात: 10.00 बजे तक तीन सदस्य दल के द्वारा परम्परागत शैली के अनुसार नौबत संगीत वाद्य यंत्र बजाने हेतु सीमित निविदायें एक वर्ष के लिये आमंत्रित की जाती है। आवेदन हेतु शुल्क राशि 500/- रूपये प्रति निविदा पत्र जमा करवाकर कार्यालय अधीक्षक, राजकीय संग्रहालय व महल, आमेर से दिनांक 15.04.2025 तक प्रात: 10.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है तथा भरी हुई सील बन्द निविदायें दिनांक 15.04.2025 को प्रात: 11.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा करवायी जा सकती है। निविदा की अन्य शर्तों को विभागीय वेबसाइट https://museumsrajasthan.gov.in व राज्य लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

( डॉ. राकेश छोलक )
अधीक्षक

DIPR/C/4833/2025

## सम्पादकीय

# रीपो दर में 25 आधार अंक कमी की गुंजाइश

अमेरिका के फेडरल रिजर्व तथा चीन और ब्रिटेन के केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत दरें अपरिवर्तित रखने का ऐलान किया है। हालांकि, उन केंद्रीय बैंकों ने दरों में गिरावट की गुंजाइश बरकरार रखी है। इस सप्ताह भारत में भी मौद्रिक नीति की समीक्षा होनी है। अब सवाल यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का रुख क्या रहेगा? इस सवाल का जवाब खोजने के पहले इस बात की पड़ताल कर लेते हैं कि फरवरी में नीतिगत दरों में कटौती के बाद क्या कुछ बदला है। मार्च के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद जारी होंगे। फरवरी में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति जनवरी के 4.31 प्रतिशत से कम होकर 3.61 प्रतिशत रह गई थी। मई 2023 के बाद खाद्य मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर थी जबकि प्रमुख मुद्रास्फीति (खाद्य एवं तेल शामिल नहीं) में थोड़ी तेजी आई थी। अक्टूबर में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत (आरबीआई द्वारा निर्धारित मुद्रास्फीति के सहज स्तर 4 प्रतिशत से अधिक) तक पहुंच गई थी मगर तब से इसमें गिरावट दिख रही है। नवंबर में यह कम होकर 5.48 प्रतिशत के स्तर पर आ गई और फिर दिसंबर में थोड़ी और कम होकर 5.22 प्रतिशत रह गई। विश्लेषकों को लगता है कि सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मार्च में और कम होकर लगभग 3.5 प्रतिशत स्तर के इर्द-गिर्द रह जाएगी। कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति आरबीआई के अनुमान 4.4 प्रतिशत तुलना में 4 प्रतिशत से नीच रहे सकती है। पूरे वर्ष के लिए यह लगभग 4.6 प्रतिशत रह सकती है जो आरबीआई के अनुमान 4.8 प्रतिशत से कम होगी। हालात सामान्य रहे यानी मॉनसून सामान्य रहा और रुपये में स्थिरता बरकरार रही और कच्चे तेल के दाम कम रहे तो तो मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2026 के लिए आरबीआई के अनुमान 4.2 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। 7 फरवरी को मौद्रिक नीति की घोषणा के दिन डॉलर 87.59 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मगर तब से रुपया लगातार मजबूत हुआ है। पिछले शुक्रवार को यह कारोबार के दौरान 84.95 का स्तर छूने के बाद डॉलर की तुलना में 85.23 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले 18 दिसंबर, 2024 को डॉलर 85 रुपये के स्तर से नीचे कारोबार कर रहा था।

बॉन्ड पर यील्ड (प्रतिफल) में भी कमी दिख रही है। 10 वर्ष की परिपक्वता अवधि वाले बॉन्ड पर यील्ड 7 फरवरी को 6.7 प्रतिशत रही थी। पिछले शुक्रवार को यह 6.47 प्रतिशत थी जो जनवरी 2022 में दर्ज 6.5 प्रतिशत से नीचे थी। दूसरी तरफ, 364 दिनों की अवधि के ट्रेजरी बॉन्ड पर यील्ड इसी दौरान 6.54 प्रतिशत से कम होकर 6.3 प्रतिशत रह गई। सबसे अधिक बदलाव नकदी के स्तर में देखा गया है। मध्य दिसंबर 2024 से वित्तीय तंत्र नकदी की किल्लत का सामना कर रहा था और यह कमी एक समय 3.3 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गई थी। मगर चार महीने से अधिक समय बीतने के बाद अप्रैल में नकदी अधिशेष स्थिति में आ गई। पिछले गुरुवार को अधिशेष नकदी 2.19 लाख रुपये तक पहुंच गई थी। इसका परिणाम यह हुआ कि आरबीआई उस दिन 14 दिवसीय परिवर्तनीय दर रीपो नीलामी से दूर रहा। इन बातों के मद्देनजर इस सप्ताह नीतिगत दर में एक और कटौती की जा सकती है। फरवरी में आरबीआई ने रीपो रेट 25 आधार अंक कम कर 6.25 प्रतिशत कर दी थी। मई 2020 के बाद रीपो रेट में यह पहली कटौती थी जब आरबीआई ने कोविड महामारी के दौरान इसमें 40 आधार अंक कमी कर दी थी। फरवरी 2023 के बाद केंद्रीय बैंक ने इस साल फरवरी में पहली बार रीपो रेट में किसी तरह का बदलाव किया था। हालांकि, फरवरी में मौद्रिक नीति के रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ था और इसे तटस्थ रखा गया था। नए आरबीआई गवर्नर संजीव मल्होत्रा के नेतृत्व में हुई पहली नीतिगत बैठक में भविष्य को लेकर कोई अनुमान नहीं दिया गया था।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 8 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सन 1801 में रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में हुई हिंसा में 128 यहूदियों की मौत।
- प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राम मोहन राय 1831 में इग्लैंड पहुंचे।
- नील नदी में सन 1912 में जहाजों के आपसी भिड़ंत के बाद इसमें सवार 200 से अधिक लोगों की डूबकर मौत।
- क्रांतिकारी भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 1929 में आज ही के दिन दिल्ली असेंबली बम फेंका।
- संयुक्त राष्ट्र के पूर्ववर्ती संगठन लीग ऑफ नेशंस की 1946 में आखिरी बैठक।
- भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद 1950 में आज ही के दिन दोनों देशों ने अपने- अपने देशों में रह रहे अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुरक्षित करने और भविष्य में दोनों देशों के बीच युद्ध की संभावनाओं को खत्म करने के मकसद से समझौता किया था।
- कंप्यूटर इंजीनियरों ने 1959 में एक नई प्रोग्रामिंग भाषा 'कोबोल' तैयार करने के लिए बैठक की।
- सन 1961 में ब्रिटिश जहाज दारा के फारस की खाड़ी में गिरने से 240 लोगों की मौत।
- जेमिनी-1 1964 में लांच किया गया।
- भारत और पाकिस्तान के बीच 1985 में सीमा युद्ध शुरू, इसे कश्मीर के दूसरे युद्ध के नाम से भी जाना जाता है।
- जनरल वेंग शंग कुन 1988 में चीन के राष्ट्रपति चुने गए।
- अमेरिकी सेना ने 2003 में सद्दाम हुसैन का पता लगाने के लिए बगदाद में बंकर भेदी बम बरसाए जिसमें अनेक नागरिकों की मृत्यु हो।
- आंध्रप्रदेश और कर्नाटक की सरकारों ने 2008 में सिक्खों को अपने राज्य में अल्पसंख्यक घोषित किया।

### 8 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- इतिहासकार हेमचंद्र राय चौधरी का 1892 में जन्म।
- भारतीय शास्त्रीय गायक कुमार गंधर्व का 1924 में जन्म।
- संयुक्त राष्ट्र के 7वें महासचिव कोफी अन्नान का 1938 में जन्म।
- हिंदी कवि दिनेश कुमार शुक्ल का 1950 में जन्म।
- तेलुगु चलचित्र अभिनेता अल्लु अर्जुन का 1983 में जन्म।

### 8 अप्रैल को हुए निधन

- प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 विद्रोह के सिपाही मंगल पांडे को 1857 को फांसी दी गई।
- भारत के राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के रचयिता बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय का 1894 को निधन।
- अमेरिकी उद्योगपति हेनरी फोर्ड का 1947 में निधन।
- स्पेन के चित्रकार पाब्लो पिकासो का 1973 में निधन।
- हिंदुस्तानी संगीतज्ञ और सरोद वादिका शरण रानी का 2008 में निधन।
- ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मारग्रेट थेचर का 2013 में निधन।
- भारतीय पत्रकार तथा मशहूर लेखक जयकांतन का 2015 में निधन।

## विशेष आलेख

# जजों की संपत्ति का प्रकटीकरण पारदर्शिता की ओर कदम

**न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है। बाद में, एक और प्रस्ताव आया कि न्यायाधीश चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर सकते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं, स्वैच्छिक था। पिछले लगभग तीन दशक में, यह मामला कई बार उठा है।**



ललित गर्ग

न्यायपालिका पर जनता का भरोसा लोकतंत्र का अहम आधार है। न्यायिक प्रणाली में किसी संदेह की गुंजाइश नहीं रहे, इसके लिये न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता, जबावदेही एवं निष्पक्षता की जरूरत है, इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय से निचली अदालतों तक के न्यायाधीशों को संपत्ति सार्वजनिक करने जैसे कदम उठाए जाने की अपेक्षा आजादी के अमृतकाल में तीव्रता से की जा रही थी, ताकि न्यायपालिका की पारदर्शिता को लेकर उठने वाले संदेह दूर हो सकें, यह मुद्दा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर जली हुई नोटों की गड्डी मिलने जैसी घटनाओं और उनसे उपजे विवादों के बाद गंभीर सार्वजनिक विमर्श का बन गया था। जनचर्चाओं एवं आदर्श राष्ट्र-निर्माण की अपेक्षाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर जो सहमति जताई है, वह सही दिशा में उठाया गया उचित एवं प्रासंगिक कदम है। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी और आम लोगों का उस पर भरोसा मजबूत होगा। देश में न्यायालयों को ऐसी संस्था के रूप में देखा जाता है, जो आम लोगों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है। न्याय करने वाले न्यायाधीशों पर संदेह के बादल मंडराना न्याय-प्रक्रिया पर भरोसा कम करने का एक बड़ा कारण बनता रहा है। अब जनता की अपने पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा पूरी होते हुए दिखाई देना एक रोशनी बना है, जिससे न्याय प्रक्रिया के प्रति विश्वास ज्यादा मजबूत होगा। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

सूचना का अधिकार लागू होने के बाद यह बहस भी हुई कि न्यायपालिका इसके दायरे में क्यों नहीं? इसके पीछे यही तर्क रहा कि किसी निजी जानकारी को तब तक साझा करने की जरूरत नहीं, जब तक उससे सार्वजनिक हित न जुड़े हों। 2010 और 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह केस आया था, तब इसी तथ्य को आधार बनाकर कहा गया कि जानकारी सार्वजनिक करना न्यायाधीशों की इच्छा पर है। एक तरह से यह व्यवस्था न्यायाधीशों को लगातार संदेहों के घेरे में रखती रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा का निर्णय न्यायपालिका में पारदर्शिता कायम करने वाला एक सराहनीय कदम होगा। जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग के पीछे बड़ा तर्क भी यही दिया जाता रहा है कि जब तक जजों की संपत्ति सार्वजनिक नहीं होगी, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर ठोस कार्रवाई संभव नहीं हो सकेगी। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज, सरल पारदर्शी एवं समानतामूलक होने के साथ आम आदमी के भरोसे वाली होनी चाहिए। इसके लिये भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए। भारतीयकरण के लिये ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता, जबावदेही आवश्यक मूल्य है। सरकार की एक संसदीय समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य की जाए। हालांकि कतितय कारणों से सरकार इस मामले में आगे नहीं बढ़ी। इसका एक बड़ा कारण सरकार पर यह आरोप लगना भी बना कि सरकार न्यायपालिका में अनावश्यक राजनीतिक दखल दे रही है। लेकिन न्यायपालिका की साख के लिए उसका स्वतंत्र होना और दिखना भी जरूरी है। लेकिन सम्पत्ति की घोषणा के मामले में उन्हें अतिरिक्त सुविधा देना या उनके लिये अतिरिक्त सुविधा का होना, संदेह का कारण बनता रहा है। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। यूं तो न्यायपालिका के कामकाज में कई तरह की गड़बड़ियां देखने को मिलती हैं। संपत्ति की घोषणा जैसे कई स्तरों पर न्यायिक सुधार के प्रयास आगे बढ़ाने की जरूरत नये भारत, सशक्त भारत एवं आदर्श भारत के लिये जरूरी है। अब अगर सर्वोच्च अदालत के जज खुद को भी उन कसौटियों पर कसने में नहीं हिचक रहे हैं जिन्हें वे दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं, तो निश्चित ही इस कदम से एक सकारात्मक संदेश जरूर गया है।

न्यायिक पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से, सुप्रीम कोर्ट के सभी 30 मौजूदा न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की है। यह घटनाक्रम न्यायपालिका में पारदर्शिता की कमी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद हुआ है, खासकर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े विवाद के बाद। जिन न्यायाधीशों ने पहले ही अपनी घोषणाएं प्रस्तुत कर दी हैं, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। इसे फैसले को न्याय के प्रति जनता के भरोसे को और मजबूत करने के लिहाज से सही एवं सामयिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो सुखद होने के साथ-साथ श्रेयस्कर न्याय-प्रक्रिया का द्योतक है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। इस नवीनतम प्रस्ताव के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने सामूहिक रूप से संपत्ति के खुलासे को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने का निर्णय लेकर जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

# आपसी संवाद, जनता की जागरूकता से खत्म होगा नक्सलवाद



सुनील कुमार महला

**जब कोई नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज नक्सलवाद हमारे देश और समाज के लिए एक बड़ी समस्या है, लेकिन अच्छी बात यह है कि मार्च, 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह द्वारा नक्सलमुक्त घोषित गांवों को एक करोड़ रुपये की विकास निधि देने तथा नक्सलियों की सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित करने की बात यह स्पष्ट दर्शाती है कि सरकार विकास को तवज्जो देकर नक्सलवाद को खत्म करने की ओर लगातार अग्रसर है।**

हाल ही में 5 अप्रैल 2025 को दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम महोत्सव में समापन समारोह के दौरान हमारे देश के केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने यह बात कही है कि अगली चैत्र नवरात्रि तक बस्तर से लाल आतंक समाप्त हो जाएगा।इस दौरान उन्होंने बस्तर की खुशहाली की कामना की। पाठकों को बताता चलूं कि उन्होंने उन्होंने कहा कि %बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। नक्सलियों से अपील है कि वे आत्मसमर्पण करें। नक्सलियों को सरेंडर कराकर गांवों को नक्सल मुक्त कराइये। हर गांव को एक करोड़ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने के लिए दुनियाभर के राजदूत जो राजधानी में हैं, उनको बस्तर में लाकर हमारी परंपराओं को, संस्कृति को और आदिवासी बच्चों की कला को पूरे विश्व में पहुंचाने का काम सरकार करेगी।% वास्तव में,गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से यह कहा है कि %आप सब हमारे अपने हैं और आप हथियार डाल कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले ही मार्च के अंतिम सप्ताह में ही छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों ने सरेंडर किया था, उसके बाद सुरक्षाबलों ने एक साथ 13 नक्सलियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार कुल दो जगहों से नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई। जिले के उसूर थाना क्षेत्र के टेकमेटला गांव के पास जंगल से सात नक्सलियों को पकड़ा गया, जबकि बासागुड़ा थाना क्षेत्र से छह नक्सलियों को पकड़ा गया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक एक्स पोस्ट में यह बात कही थी कि , %नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान के दौरान 16 नक्सलियों को ढेर कर दिया और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है। हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता; केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है। वास्तव में नक्सलवाद का समूह नाश करने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

कितनी अच्छी बात है कि आज सरकार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा के समाज में वापस लौटने में सहायता के लिये वित्तीय सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और सामाजिक पुनर्एकीकरण कार्यक्रम प्रदान कर रही है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित ज़िलों की संख्या 126 (वर्ष 2014) से घटकर मात्र 12 (वर्ष 2024) रह गई है। आंकड़े बताते हैं कि नक्सल-संबंधी घटनाएँ 16,463 (वर्ष 2004-2014) से घटकर 7,700 (वर्ष 2014-2024) हो गई हैं तथा नक्सलवाद के कारण सुरक्षा बलों की हताहतों की संख्या में 73त्न की कमी आई है, जबकि नागरिक हताहतों की संख्या में 70त्न की कमी आई है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



सुघड़सिंह
(डिप्टी एसपी ट्रेफिक पाली)

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं, डिप्टी एस.पी सुघड़ सिंह। गरीब परिवार गाँव बासौली तहसील रूपबास, जिला भरतपुर में जन्म हुआ शिक्षा पांचवी तक गांव में ही रही। आठवीं तक मिलकपुर करीब खुद के गांव से 7 किलोमीटर दूरी पर था जहां रोज पैदल जाकर पढ़ाई की। 12वीं तक उच्चैन में जो करीब 15 किलोमीटर दूर था साइकिल से जाकर पढ़ाई पूरी की। स्नातक प्राइवेट किया(राजस्थान यूनिवर्सिटी) से किया। सन 1995 में राजकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति कनिष्ठ लिपिक के रूप में शासन सचिवालय कार्मिक विभाग जयपुर में हुई। उसके बाद आरपीएससी से उप निरीक्षक पद पर नियुक्ति हुई 3 नवंबर सन 1997 में पुलिस बेड़े में शामिल हुए प्रोबेशन अलवर जिले में पूरा किया। प्रतिस्थापन अरावली विहार ,भिवाड़ी, टहला,गोविंदगढ़ ,हिंडौन, करणपुर और सपोर्टर में रहा। पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर वर्ष 2008 में शास्त्री नगर थाना अधिकारी, जयपुर कोतवाली थाना अधिकारी, झालावाड़ कोतवाली, करौली, टोड़ा भीम, बसेड़ी थानाधिकारी रहे। स्वेच्छा से पुलिस ट्रेनिंग स्कूल भरतपुर में आरआई इंडोर प्रशासन रहे उसके बाद वर्ष 2021 में डिप्टी एसपी पद पर पदोन्नति हुई प्रथम पोस्टिंग स्वेच्छा से पुलिस ट्रेनिंग स्कूल भरतपुर में डिप्टी कमांडेंट के पद पर रही। वृत अधिकारी वृत थानागाजी और आज यातायात पुलिस के डिप्टी एसपी जिला पाली में पद को सुशोभित कर रहे हैं। बहुत सरल, सहज और शानदार व्यक्तित्व के धनी है। मुझे आज भी याद है सन 1999 में प्रोबेशन के दौरान अलवर में पुलिस टीम पर हमला हुआ ऐसे में सुघड़सिंह जी पथराव में घायल हो गए और सामान्य चिकित्सालय में उनका उपचार चल रहा था मेरे अच्छे मित्र हैं उसे समय के तो जब मैं इनके वहां हर रोज जाकर इनका हाल पूछता था तो इन्होंने कहा कि सच्चे मित्र की भांति हो आप जो समय निकाल कर हाल जानने आ जाते हो। सुघड़ सिंह जी एक गरीब परिवार से ब्लांग करते हैं ऐसे में दुर्भाज्य का रोना नहीं राए बल्कि एक गरीब परिवार से निकल अपनी शिक्षा दिक्षा के दम पर आपने कर्मयोग की ताकत को समझाते हुए आज इस पद को हांसिल किया है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_092
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 3 | 5 | 2 | | 4 |
| | | 2 | 6 | | | 3 | 5 | |
| | | 8 | | | 4 | 6 | | |
| | | 4 | | 2 | 3 | 9 | | |
| | 5 | | | | 9 | | | 6 |
| 3 | 1 | | 7 | | | | | |
| 7 | | 3 | | | | 5 | 8 | |
| | 2 | 5 | | 7 | | 1 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 5 | 2 | | | |

Ans_2025_091

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 9 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 |
| 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 |
| 9 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 1 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**वृष**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**मिथुन**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**कर्क**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**सिंह**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**कन्या**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**वृश्चिक**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**धनु**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**मकर**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**कुंभ**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**मीन**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे। आपका मन द्रवित हो उठेगा। काम समय से पूरा नहीं होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## भाजपा के 'गांव चलो अभियान' जिलाध्यक्ष गुर्जर का 8 को बामनवास एवं 9 को खंडार क्षेत्र का दौरा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस तहत चल रहे सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत 8 अप्रैल को गांव चलो अभियान कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर बामनवास विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष के बामनवास क्षेत्र के दौरे के दौरान बामनवास विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र मीणा साथ रहेंगे । इसी क्रम में 9 अप्रैल को जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर खंडार विधानसभा क्षेत्र के गांव में रहेंगे उनके साथ प्रदेश महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल रहेंगे, गांव चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के जिले के सभी पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारी एवं सेवा सप्ताह कार्यक्रम जिला संयोजक दीपक सिंघल, सहसंयोजक बलवीर सिंह, प्रधान कृष्ण पोसवाल रहेंगे।

## परशुराम जन्मोत्सव को लेकर विप्र समाज की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**.देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** परशुराम जन्मोत्सव को लेकर विप्र समाज की बैठक आयोजित की आगामी 29 अप्रैल आखातीज को आने वाले परशुराम जन्मोत्सव के लेकर बस स्टैंड स्थित गौतम मंदिर में देवली सहित क्षेत्र के विप्र बंधुओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से परशुराम जन्मोत्सव को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान देवली शहर, ज्योति कॉलोनी, ऊंचा, कुंचलवाड़ा, हनुमान नगर, देवली गांव एवं दौलता मोड़ क्षेत्र के सभी विप्र परिवारों का सामूहिक भोज आयोजित करने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद सामाजिक बंधुओं ने कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु अन्य कई मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया। सामूहिक भोज में शामिल होने के लिए किसी भी परिवार से कोई राशि निर्धारित नहीं की गई है, जो भी व्यक्ति सहयोग देना चाहे, वह अमित गौतम, कृष्ण गोपाल शर्मा व आशीष पंचोली से संपर्क कर सहयोग दे सकता है। परशुराम जन्मोत्सव के दिन भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी बुड़ानिया ने ली बीसुका बैठक



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम् चौधरी के निर्देशन में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आइ ए एस) गौरव बुड़ानिया ने सोमवार को अपने कार्यालय में बीस सूत्री क्रियान्वन समिति एवं पंद्रह सूत्री कार्यक्रम से जुड़े विभागीय अधिकारियों की बैठक ली! बैठक में उपस्थित अधिकारीजनों को आवश्यक निर्देश दिए! सीईओ ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

### आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# जनसमस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारी आपसी समन्वय से करें कार्य : शुभम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों की बैठक लेकर बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित राज्य सरकार की बजट घोषणा की क्रियान्विति एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए गर्मियों में पर्याप्त जलापूर्ति हेतु पूर्व तैयारियों, हर घर नल योजना के तहत नये कनेक्शन सुनिश्चित करने, कचरा प्रबंधन, साफ-सफाई, सीवरेज कनेक्शन, पेंशन सत्यापन, ई-केवाईसी, बिजली कनेक्शन, अतिक्रमण, जनसुनवाई एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल के लम्बित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं की समीक्षा के दौरान सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में सभी पात्रजनों को प्राथमिकता से लाभान्वित करने हेतु कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विभागीय अधिकारियों के साथ सामुहिक रूप से निरीक्षण कर आमजन की पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण के निर्देश अधीक्षण अभियंता भगवान सहाय मीणा को प्रदान किए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर लाभांवित करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता बीएल मीणा को प्रदान किए। उन्होंने समस्त राजकीय कार्य ई-फाईल के माध्यम से करते हुए न्यूनतम समय सीमा में फाईलिंग निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कार्मिकों को नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने रोड सेफ्टी के तहत सभी ब्लैक स्पोट्स पर चैतावनी बोर्ड लगवाने, सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकडकर गौशालाओं में छोड़ने हेतु अतिरिक्त वाहन लगाने सहित विशेष कार्यवाही करने को कहा। साथ ही रोड सेफ्टी टास्क फोर्स को अधिक सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के विकास कार्य चल रहे हैं उनकी निरन्तर मॉनिटरिंग की जाये, डीपीआर तैयार कराने से लेकर कार्य पूर्ण होने तक निगरानी रखते हुये कार्य पूर्ण करायें। उन्होंने सभी विभागों को उनके संबंधित योजनान्तर्गत प्रत्येक पात्र को लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को किया आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** गांव नटवाडा में श्री बद्री विशाल भगवान के सानिध्य में 108 कुंडिय शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाग लेने के लिए राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री राजकुमारी दीया कुमारी को नटवाड़ा सरपंच नीता कंवर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आमंत्रित किया। सरपंच नीता कंवर ने बताया कि श्री बद्री विशाल भगवान के सानिध्य में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी आतिथ्य में आयोजित होने वाले 108 कुंडिय शत चंडी महायज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान सरपंच नीता कंवर ने श्री बद्रीनाथ जी मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु बजट आवंटित करने के लिए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आत्मीय भेंट की।

## चार दिन बाद पुनः शुरू हुआ मण्डी में व्यापार

### पल्लेदारों, व्यापारियों व किसानों में सहमति, सौंफ की आवक शुरू

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** कृषि उपज मण्डी में चार दिन बाद सोमवार को व्यापार पुनः शुरू हो गया है। जिससे मंडी में रौनक लौट आई है। पिछले चार दिन तक पल्लेदारों ने हडताल कर रखी थी जिसकी वजह से मंडी व्यापार बंद था। शनिवार को पल्लेदारों, व्यापारियों व किसानों में सहमति होने के बाद सोमवार को पुनः मंडी व्यापार शुरू हो गया। व्यापार मण्डल संरक्षक ताराचन्द बोहरा एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया ने बताया कृषि उपज मण्डी में पल्लेदारों की हडताल के चलते चार दिन तक मंडी व्यापार बन्द था। जिसको लेकर शनिवार की शाम पल्लेदारों, व्यापारियों व किसानों में सहमति बनी। इस दौरान सोमवार को पुनः मंडी व्यापार शुरू हो गया। राजेन्द्र चौधरी ने बताया सोमवार को सरसों 5800 से 6000, जौ 1800 से 2050, चना के भाव 5200 से 5400, तारामीरा 5000 से 5200, सौंफ 18000 से 22000, गेहू 2000 से 2400 व जीरा का भाव 18000 से 20000 रूपए रहे। उन्होंने बताया कि मंडी में सौंफ की भी बम्पर आवक शुरू हो गई है। सोमवार को सौंफ 18000 से 22000 तक बिकी है। इस अवसर पर अमित कटारिया, पदम सेदरिया, संजय कठमाणा, अमित धामाणी, गिर्राज मोटूका, देव पारीक, नितेश टोडवाल, सुशील कोलाडा, बंटी कठमाणा, पवन पारीक व नितेश खंडेलवाल सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

### भाजपा का स्थापना दिवस पखवाड़ा समारोह

# कार्यकर्ताओं ने संगठन की पंच निष्ठाओं को आत्मसात करने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** वैश्विक राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस गंगापुर सिटी में जयपुर बाईपास स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निवास पर साप्ताहिक कार्यक्रमों के आगाज के साथ मनाया गया! कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय ध्वज की पूजा-अर्चना के साथ किया गया! इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल,प्रधान मंजू गुर्जर ,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधा दीक्षित, शिक्षाविद समाजसेवी डॉ. हेमंत शर्मा,भाजपा स्थापना दिवस पखवाड़े के जिला संयोजक दीपक सिंघल मंचासीन रहे। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ,सुषमा स्वराज जैसे भाजपा के श्रद्धावान नेताओं को उपस्थिति में बंबई अधिवेशन में 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना पर प्रकाश डाला!वर्तमान परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी द्वारा राष्ट्र को आगामी निकट भविष्य में वैश्विक स्तर पर विकसित राष्ट्र के रूप में प्रत्येक भारतीय की भूमिका को कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने का आव्हान करने का सभी से आग्रह किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के विचार को सभी कार्यकर्ताओं से अपने आसपास के वातावरण में आमजन के साथ चर्चा करने का भी आह्वान किया गया! इसी प्रकार राजस्थान प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अपने कार्यकाल में प्रदेश की संपन्नता में अनेकों कार्यों को वास्तविक अमलीजामा पहनाने की बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी संगठन के कार्यकाल की सराहना की गई। भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर भी संगठन के ध्वज को पूजा अर्चना के साथ विधिवत रूप से लहराया गया। भाजपा मीडिया प्रमुख शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र दीक्षित,मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास,शिवदयाल जोशी,रघुनाथ फौजी, ओमप्रकाश पटेल,नितेश मोदी,सारांश जैन,गोविन्द गुप्ता,गिर्राज प्रसाद बीईईओ, बलवीर सोनी, गौरव मंगल, वेदप्रकाश शर्मा, विजय सिंह जादौन,रवि गोठवाल,गोविंद पाराशर,अतुल शर्मा,सुरेश चंद शर्मा, महेश चंद शर्मा,सिरमौर गुर्जर ,विक्रम फिरासपुर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार भाजपा मंडल मित्रपुरा में रविवार को भारतीय जनता पार्टी का 45 वाँ स्थापन दिवस मनाया गया इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दामोदर बिंदल पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदेव सिंह जी वरिष्ठ नेता कैलाश जी शर्मा अशोक गोयल कैलाश महेश्वरी राम खिलाड़ी गुर्जर अर्जुन लाल मीना सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैस की लाइन डालने के दौरान टूटी बिसलपुर पेयजल लाइन

### 38 गांवों में तीन दिन से पानी की सप्लाई बंद

बढ़ता राजस्थान



**पीपलू ( नि.स. )।** झिराना से चौगाई पंप हाउस के लिए बिसलपुर पेयजल की लाइन झिराना से बोरखडीकंला के बीच से टूट गई। पाइपलाइन टूटने कारण इस समय गैस की लाइन डालने के लिए चल रही खुदाई के दौरान जेसीबी से मशीन टूट गई। पाइपलाइन टूट ने से चौगाई पंप हाउस में होने वाली बिसलपुर की सप्लाई चार दिन से बंद है। एरिया मैनेजर मुकेश चौधरी ने बताया कि गैस की लाइन डालने के लिए नाली की खुदाई जेसीबी मशीन से की जा रही है। जिससे झिराना पंप हाउस से चौगाई पंप हाउस की पानी की सप्लाई लाइन कहीं जगह से टूट गई। पेयजल सप्लाई लाइन टूट जाने से चौगाई पंप हाउस से होने वाली 38 गांवों की पेयजल आपूर्ति बंद है। लाइन की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जल्दी ही पानी की सप्लाई चालू की जाएगी। रामलाल, मदनलाल सेन, सीताराम माली, हनुमान व गोपाल लाल ने बताया की वर्तमान में गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। वहीं शादी विवाह का सीजन चल रहा है। इस समय पानी कि आवश्यकता अधिक होने से काफी मुश्किल हो रही है। महिलाओं को पानी की व्यवस्था करना पड़ रहा है। इस दौरान रानोली, कठमाणा, चौगाई, इनायतगंज, बेगमपुरा, मोहम्मद नगर ढाणी, गंगापुरा, अलिनगर, गुड्डा रामदास, सौथीफल, मोहिनी, गोर्वधनपुरा, सीतारामपुरा, हमेरिया, तहरपुरा उर्फ इब्राहिमाबाद,जयकिशनपुरा, हाजीपुरा, जौहरपुरा व हनिफगंज सहित 38 गांवों की पेयजल आपूर्ति बंद है।

## सवाई माधोपुर के 8 इलाकों में 98.93 लाख रुपए की लागत से लगाई जाएगी ट्यूबवेल

### भीषण गर्मी में पेयजल संकट से मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रीष्मकाल में आमजन को स्वच्छ एवं पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के विशेष प्रयासों से सवाई माधोपुर नगर क्षेत्र के आठ इलाकों में ट्यूबवेल स्थापना की योजना को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत कुल 98.93 लाख रुपए की लागत से कुम्हार मोहल्ला, राजबाग, पटेल नगर, हाउसिंग बोर्ड, अंबेडकर कॉलोनी, अशोक नगर, विनायक नगर एवं जटवाड़ा खुर्द में ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। इससे गर्मी के मौसम में उत्पन्न होने वाले जल संकट से स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी। जलदाय विभाग के अधिक्षण अभियंता भगवान सहाय मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जल संकट से प्रभावित क्षेत्रों में ट्यूबवेल स्थापित कर जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। योजना के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पहले ही जारी की जा चुकी है। विभाग शीघ्र ही पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ट्यूबवेल लगाने का कार्य आरंभ करेगा। इससे न केवल तत्काल जल संकट को दूर करेगी, बल्कि आने वाले समय में शहरी क्षेत्र में जल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था भी सुनिश्चित करेगी।

## तीन दवा विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित, दो का निरस्त

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)। सहायक औषधि नियन्त्रक एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी चन्द्र प्रकाश जाटव ने निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई जाने पर तीन दवा विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित एवं दो दव विक्रेताओं का लाईसेंस निरस्त किया है। सहायक औषधि नियन्त्रक एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम 1945 के नियम 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैसर्स गंगा मेडिकल गंगापुर सिटी एवं मैसर्स न्यू सिद्धार्थ मेडिकोज एण्ड जनरल स्टोर सवाई माधोपुर का खुदरा औषधि अनुज्ञापन पत्र 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक पांच-पांच दिन के लिए तथा मैसर्स लाईफ केयर मेडिकल एण्ड सर्जिकल सदर बाजार सवाई माधोपुर का 15 अप्रैल से 4 मई, 2025 तक 20 दिन के लिए निलम्बित किया है। वहीं मैसर्स निया मेडिकल स्टोर सवाई माधोपुर को कारण बताओं नोटिस का जवाब स्मरण पत्र प्रेषित करने के बाद भी नहीं भिजवाने और न ही एसएसओ पोर्टल पर प्रेषित करने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 का उल्लंघन करने पर उक्त फर्म का खुदरा औषधि लाइसेंस तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया है। इसी प्रकार औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम 1945 के नियम 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैसर्स वनेक्स हैल्थ केयर लिमिटेड गंगापुर सिटी का खुदरा औषधि अनुज्ञापत्र तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया है।

### सफलता की कहानी

## खाद्य सुरक्षा योजना गरीबों का बन रही है सहारा, भोजन की चिंता हुई दूर

बढ़ता राजस्थान





**टोंक, (का.स.)।** खाद्य सुरक्षा योजना गरीबों का सहारा बन रही है। इस योजना ने लाभार्थियों के भोजन की चिंता को दूर किया है। योजना के तहत निर्धन लोग निःशुल्क गेहूं का लाभ ले रहे हैं। तहसील दूनी के ग्राम घाड़ निवासी शिमला, गैरोली निवासी मनभर देवी एवं उपखंड टोडारायसिंह के ग्राम सांडला की रहने वाली विधवा गुलाबों देवी ऐसी निर्धन महिलाएं है जिन्हें इस योजना ने राहत दी है। खाद्य सुरक्षा योजना में निःशुल्क गेहूं मिलने से शिमला, मनभर देवी एवं विधवा गुलाबों देवी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का आभार व्यक्त किया है। साथ ही, कहा कि अगर यह योजना नहीं होती तो भोजन का खर्च उठाना हमारे लिए संभव नहीं था। जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत कई लोगों को भोजन का खर्च उठाना संभव हो पाया है, जिससे निर्धन, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिली है। रसद अधिकारी ने बताया कि तहसील दूनी के ग्राम घाड़ निवासी लाभार्थी शिमला देवी पत्नी संजय कुमार का राशन कार्ड संख्या एपीएल श्रेणी में है। परिवार में इन दोनो के अतिरिक्त कमाने वाला अन्य कोई सदस्य नहीं है। ऐसी स्थिति में इनको हर माह खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 20 किलोग्राम निःशुल्क गेहूं मिल रहा है। जिससे इनकी भोजन संबंधी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति हो रही है।

इसी तरह ग्राम गैरोली की रहने वाली मनभर देवी पत्नी भंवर लाल वर्मा बीपीएल श्रेणी में आते है। परिवार में इनके अन्य कमाने वाली कोई संतान नहीं है। यह खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित है जिनको नियमित रूप से प्रतिमाह निःशुल्क गेहूं मिल रहा है। लाभार्थी मनभर देवी बताया कि मेरे घर में अन्य कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है एवं राशन का जो गेहूं प्राप्त होता है उसी को हम पिसवाकर भोजन बनाते है।

**विधवा गुलाबों को मिल रहा है खाद्य सुरक्षा का लाभ :** रसद अधिकारी मीणा ने बताया कि उपखंड टोडारायसिंह के ग्राम सांडला निवासी विधवा गुलाबो देवी जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है उनके परिवार में कमाने वाला कोई भी नही है एवं आर्थिक स्थिति बिलकुल दयनीय है इनको उचित मूल्य की दुकान से हर माह 25 किलोग्राम निःशुल्क प्राप्त हो रहा है। विधवा गुलाबो देवी ने बताया कि मेरे घर में अन्य कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है एवं राशन का जो गेहूं प्राप्त होता है उसी को हम पिसवाकर भोजन बनाते है।

# अपनाघर शालीमार में भगवान श्री रामलला के दर्शन को उमड़े शहर वासी

## भगवान राम की महाआरती के बाद जयश्री राम के जयकारों से गूंजा शालीमार

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अपनाघर शालीमार के लोगों के लिए पिछले कई सालों का सपना रविवार को जब साकार हुआ तक प्राण प्रतिष्ठा और अभिषेक के बाद रामलला के दर्शन हुए। इस दौरान पूरे जिले भर से लोग भगवान श्री राम के इस भव्य मन्दिर को देखने आए हुए थे।

अलवर पुलिस की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ.प्रियंका रघुवंशी ने अपने माता पिता के साथ भगवान श्री राम का आर्शिवाद लिया। इधर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी व उनकी पत्नी रजनी सैनी ने उनका सम्मान भी किया। मन्दिर की आभा और सुन्दरता देखकर वे बोली कि वास्तव में अशोक सैनी और त्रेहान ग्रुप ने मन से इसे बनाया है। भगवान श्री राम के दर्शन पाकर अलवर की जनता धन्य होगी। रविवार शाम को मन्दिर में1100 दीपकों के साथ भगवान की महाआरती की गई साथ ही जबरदस्त आतिशबाजी ने वहां मौजूद लोगों के लिए रोमांचकारी क्षण पैदा कर ड़ाला। रविवार को शहर सहित जिले व जिले के आस पास के लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य कमाया।



**आर्कषण व आस्था का उत्कृष्ट उदाहरण है राम मन्दिर :** माध्यम टीवी के निदेशक और समाजसेवी नीरज जैन का कहना है कि शालीमार के इस भव्य मन्दिर के निर्माण में लोगों की भावनाएं जुडी हुई हैं साथ ही ये भव्य मन्दिर अयोध्या की तर्ज पर बना होने के कारण आर्कषण का केन्द्र तो है ही लेकिन आस्था का प्रतीक भी है। ऐसे में इस मन्दिर में आस्था व आर्कषण का अनुपम उदाहरण देखने को मिल रहा है। त्रेहान होम डवलपर्स की पूरी टीम हर्ष त्रेहान जी,अशोक सैनी जी अश्वनी जी व पूरे ग्रुप को साधुवाद की अलवर की तपोभूमि पर लोगों की आस्था को देखते हुए इस भव्य मन्दिर का निर्माण करा जनता को समर्पित किया है।

नीरज जैन, डायरेक्टर माध्यम टीवी



**धार्मिक स्पॉट के रूप में विससित होगा ये मन्दिर:** त्रेहान होम डवलपर्स के सीएमडी हर्ष त्रेहान का कहना है कि आने वाले समय में ये मन्दिर धार्मिक स्पॉट के रूप में विकसित होगा। इसकी भव्यता व इससे जुडी लोगों की आस्था व श्रृद्धा रविवार को उस समय देखने को मिली जब अलवर की तपोभूमि पर लोगों ने अयोध्या सा आभास महसूस किया। भगवान श्री राम के दर्शन कर लोग अपने आप को धन्य मान रहे हैं। कम्पनी प्रयास ही कर सकती है आगे रामकाज पूर्ण करवाने वाले तो स्वयं राम ही हैं। मैं मानता हूं कि ईश्वर की कृपा से इस भव्य राम मन्दिर को देखने के लिए दूर दराज के जिले के लोगों का आवागमन भी बढ़ेगा,क्योंकि यहां एक सकारात्मक शक्तियों का आभास होता है। हमारी कम्पनी सैदव धार्मिक आयोजनों के लिए तैयार और तत्पर है।

हर्ष त्रेहान, त्रेहान होम डवलपर्स के सीएमडी

# राम रूप सज्जा के परिणाम घोषित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजर्षि अभय समाज में हुए राम रूप सज्ज़ा प्रतियोगिता के विधिवत परिणाम घोषित कर दिए गए हैं जो कि इस प्रकार हैं -

वर्ग अ के विजेता प्रथम पुरस्कार ईशानी शर्मा द्वितीय पुरस्कार भाविश शर्मा और तृतीय पुरस्कार तोषित शर्मा को इस प्रतियोगिता में प्राप्त हुआ उनकी प्रस्तुति से दर्शक काफी अभिभूत हुए इसी के साथ सांत्वना पुरस्कार प्रथम सानवी को , द्वितीय पुरस्कार दीक्षित अग्रवाल तथा पूर्वी पाराशर को प्रदान किया गया जिनमें की अंक दोनों के बराबर रहे ।

इसी प्रकार वर्ग ब के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार नव्या शर्मा को तथा द्वितीय पुरस्कार वृष्टि गुप्ता को एवं तृतीय पुरस्कार गौरव सैनी को प्राप्त हुआ एवं सांत्वना पुरस्कार हेजल अरोड़ा तथा याशिका अग्रवाल को दिया गया इसी क्रम में सी वर्ग के विजेताओं में प्रथम पुरस्कार आशी तिवारी तथा द्वितीय पुरस्कार अनुराग सिंह एवं तृतीय पुरस्कार भव्या मिश्रा को प्रदान किया गया वहीं सांत्वना पुरस्कार भुवन शर्मा तथा लोचन बागड़ी को प्रदान किया गया । इससे पूर्व संस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा के अध्यक्षता में हुई राम रूप सज्जा प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया जो की स्वामी हरि ओम जी महाराज के सानिध्य में तथा मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त श्री जितेंद्र सिंह नरूका जी की उपस्थिति में एवं अति विशिष्ट अतिथि नीरज यादव शिव कुमार शर्मा नरेंद्र मोहन शर्मा रामकुमार शर्मा प्रशांत अग्रवाल अमित जायसवाल तथा बाबू झालानी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन किया गया

### संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा के निर्देशानुसार

संपूर्ण कार्यक्रम संयोजक ललित मिश्रा एवं महानिदेशक मनोज कुमार गोयल के निर्देशन में संपन्न हुआ मंच संचालन मोहित पंडित एवं कुमारी लक्षिता एवं भारती ने बहुत सुन्दर ढंग से किया तथा निर्णयक के रूप में रचना आसोपा, अनुरिता झा, श्रीमती सीमा गुलाटी रही, तथा प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक आयोजित करवाने में लोकेश मिश्रा, दीपक पण्डित, जसवंत सैनी का सहयोग रहा।

# श्री महावीर जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा : महोत्सव समिति

## समिति ने पत्रकार वार्ता कर दी सम्पूर्ण जानकारी

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** हर वर्ष की बातें इस वर्ष भी श्री महावीर जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। 9 अप्रैल से 12 अप्रैल तक इसका भव्य आयोजन किया जाएगा इसी क्रम में महावीर जयंती महोत्सव समिति द्वारा सोमवार को नसीया जी वाटिका में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर कार्यक्रम की जानकारी दी।

इस बार विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर नवकार मंत्र का जाप जैन वाटिका रसिया जी में सकल जैन समाज द्वारा आयोजित किया जाएगा और महाआरती श्री विद्या जैन तीर्थंकर युवा समिति द्वारा अहिंसा सर्किल मन्नी का बड़ पर की जाएगी और 10 तारीख को प्रभात फेरी दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायत मंदिर हलवाई की गली से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग एवं जैन मंदिरों में स्नातकों के सामने से होती हुई वापस हलवाई पाड़ा पहुंचेगी इसके अतिरिक्त जैन भवन स्कीम नंबर 10 कला कुआं 60 फीट रोड शिवाजी पार्क,शांतिकुंज, चेतनएन्कलेव व अपना घर शालीमार,सूर्य नगर,वीरा गार्डन मंदिर से भी प्रभात फेरी निकाली जाएगी श्रीजी का अभिषेक शांति धारा और जिनेंद्र पूजा का आयोजन किया जाएगा इसके अतिरिक्त 9 बजे स्वर्ण रथ यात्रा श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर से चंद्र प्रभु मंदिर मुंशी बाजार त्रिपोलिया बड़तला पंचायत मंदिर बजाज ऑफसर्कल पंसारी बाजार घंटाघर वीर चौक रामलीला ग्राउंड पुलिस कंट्रोल रूम, मोहिना बाबा की प्याऊ होते हुए जैन नसिया जी पहुंचेगी जहां विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक जैन पूर्व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार होंगे, अध्यक्षता जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अर्तिका शुक्ला करेंगे विशिष्ट अतिथि श्री संजीव नैंन जिला पुलिस अधीक्षक एवं स्नेहल नाना सचिव नगर विकास न्यास होंगे। समिति के पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा चार दिन लगातार होने वाले इस धार्मिक आयोजन में किस-किस तरीके के कार्यक्रम होंगे उन बातों को पत्रकारों के समक्ष रखा।

**विश्व नवकार मंत्र दिवस इस बार रहेगा विशेष :** इस बार पूरे विश्व में नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर नवकार मंत्र का जाप किया जाएगा जिसे करोड़ों लोग एक साथ जाप करेंगे। यह बहुत अच्छे भाव और एक अच्छी पहल है आज नकारात्मक शक्तियों का संचार हो रहा है, हर इंसान द:खी और बेबस सा है ऐसे में कहीं ना कहीं पूरे विश्व में नवकार मंत्र एक ही समय करोड़ों लोग जब करेंगे तो कहीं ना कहीं विश्व में शांति,स्थिरता,एकता,शिष्ट और सरलता की वर्षा होगी।

### जीयो और जीने दो का संदेश

पत्रकार वार्ता के दौरान पदाधिकारियों ने भगवान महावीर के संदेश जीयो और जीने को को प्रचारित व प्रसारित करने में मूल उद्देश्यों के बारे में भी चर्चा की और कहा समाज का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही होना चाहिए कि हम खुद भी शान्ति से जीए और दूसरों को भी शान्ति से जीने दें।

# नेशनल विनर पैरा फेंसिंग टीम के मीणा का हुआ सम्मान मीणा ने समस्त टीम के साथियों का जताया आभार




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र निवासी रतन मीणा का जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में सम्मान हुआ। मीणा नेशनल विनर पैरा फेंसिंग टीम में समलित थे। उनकी टीम ने कुल 9पदक जीते। जिनमें से 4रजत और 5काँस्य पदक समलित रहे। यह सम्मान खेल सचिव डॉ नीरज के. पवन ने टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रदान किए।इस मौके पर खेल सचिव नीरज के. पवन ने कहा कि पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धि उन खिलाड़ियों के लिए एक सीख है जो कम खेलते हैं और कमियों को लेकर परेशान होते हैं। यदि खिलाड़ी दिल लगाकर तैयारी करें तो उनकी सफलता को कोई नहीं रोक सकता। विजेता टीम में कैलाशचन्द गुर्जर, विश्वजीतसिंह शेखावत, श्यामलाल गुर्जर, रतनलाल मीणा, राजेन्द्रसिंह सेसमा शामिल रहे।

इस मौके पर दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स हिम्मतसिंह गुर्जर, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शताब्दी अवस्थी,पावर लिफ्टिंग कोच महावीरसिंह भी मौजूद रहे। मीणा के घर पहुँचने पर ग्रामीणों ने उनका माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया और मुँह मीठा कराया। रतनलाल मीणा ने कहा कि यह मेरी जीत नहीं है यदि किसी की है तो वह है हिम्मत, होंसले और विश्वास की जीत है। उन्होंने ग्रामीण लोगों से खेलों में ध्यान लगाने का आह्वान किया।

# दिनेश बेदी सर्व सेवा संस्थान के बने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी

## सर्व सेवा संस्थान 27 अप्रैल को दिल्ली में करेगी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा, (मुकेश शर्मा)।** सोमवार को नई दिल्ली में सर्व सेवा संस्थान रजिस्टर्ड की बैठक संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं फाउंडर डॉक्टर सीमा सूरी की अध्यक्षता में हुई। सर्व सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ सीमा सूरी ने बैठक को संबोधित करते हुए सर्व सेवा संस्थान की 2025-26 की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूरे भारत देश में से कई समाजसेवी भी राष्ट्रीय कार्यकारणी में लिए गए जिसमें भिवाड़ी के भी समाज सेवक दिनेश बेदी को उनकी समाज सेवा के प्रति संकल्प एवं निस्वार्थ कार्यों को देखते हुए एक बार फिर सर्व सेवा संस्थान रजिस्टर्ड का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बनाया गया, भिवाड़ी के दिनेश बेदी भारतीय सेना के घायल सैनिकों के लिए 56 रक्तदान शिविर, कई मेडिकल कैंप एवं खेल में भी क्रिकेट, बॉलीबॉल, बेडमिंटन और फुटबॉल के कई टूर्नामेंट करवा चुके हैं, सर्व सेवा संस्थान रजिस्टर भी पिछले कई वर्षों से पूरे भारत में समाज सेवा के विभिन्न कार्यों से जुड़ा हुआ है, सर्व सेवा संस्थान 27 अप्रैल को भिवाड़ी के दिनेश बेदी को दिल्ली में नियुक्ति पत्र सौंपकर सम्मानित भी करेगी ।

# आईएमए भिवाड़ी द्वारा पब्लिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी(मुकेश शर्मा)।** 7 अप्रैल 2025 को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) भिवाड़ी द्वारा जिला अस्पताल भिवाड़ी के प्रांगण में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पब्लिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की विशेष थीम स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य है, जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए दी गई है।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए, अध्यक्ष डॉ. अजय गोयल ने सभी उपस्थित जनों को संबोधित किया और इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर सभी का स्वागत किया। रेडक्रॉस सोसायटी खैरथल-तिजारा के चेयरमैन डॉ. रूप सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आशा वर्कर्स एवं एएनएम समूह को आईएमए द्वारा आयोजित इस सेमिनार में हिस्सेदारी के लिए सराहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विपुला गढ़ ने किया। इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने उपस्थित आशा बहनों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए-

- डॉ. अनविका बंसल ने गर्भवती माताओं को सही आहार, व्यायाम और आराम के महत्व के बारे में बताया और फास्ट फूड से बचने की सलाह दी।
- डॉ. गरिमा गोयल ने गर्भावस्था के दौरान किए जाने वाले जरूरी चेकअप और टीकाकरण के महत्व को साझा किया।
- डॉ. एस. के. गुप्ता, महिला रोग विशेषज्ञ, ने खैरथल-तिजारा क्षेत्र में सरकारी प्रयासों से मातृ मृत्यु दर में कमी के बारे में बताया।
- डॉ. मुदित मित्तल ने नवजात शिशु की देखभाल पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया और स्तनपान को प्रोत्साहित करने की बात की।
- डॉ. कैलाश राजौरा, शिशु रोग विशेषज्ञ, ने बच्चों के टीकाकरण और नवजात के पोषण के विषय में प्रशिक्षण दिया।

इस कार्यक्रम में डॉ. के. के. शर्मा, डॉ. प्रदीप जी, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. दीपक शिखा, डॉ. सोम प्रकाश यादव, सेक्टर इंचार्ज डॉ. श्रीमती मीना, डॉ. मीणा जी, डॉ. प्रदीप अग्रवाल, डॉ. चेतन, और डॉ. उदित समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

आईएमए की तरफ से सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।यह कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए एक अहम कदम साबित हुआ।

# वाटरशेड जनभागीदारी कप में ग्रामवासियों ने श्रमदान कर दिखाया सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,(मुकेश शर्मा)।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वाटरशेड जनभागीदारी कप के तहत ग्राम पंचायत नंगली औझा के ग्रामवासियों ने माता वाला जोहड़ के जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान कर वर्षा जल संरक्षण एवं मिट्टी कटाव रोकने जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ग्रामीणों की जागरूकता और भागीदारी को उजागर किया।सैकड़ों ग्रामीणों, ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और जोहड़ के पुन: जीणोद्धार में अपना श्रमदान दिया। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता क्षत्रपाल, सहायक अभियंता उपेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत के सरपंच धर्मेंद्र चौधरी एवं अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## जिला कलेक्टर ने जल शक्ति अभियान के संबंध में दिए दिशा निर्देश, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में लगा जांच शिविर, जिला कलेक्टर ने बीपी और शुगर कि करवाई जांच

बढ़ता राजस्थान




**खैरथल-तिजारा,(मुकेश शर्मा)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर किशोर कुमार ने विभागों को भेजे गए एमपी/एमएलए परिवादों की समीक्षा कर शेष परिवादों के जवाब भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित प्रभारी मंत्री एवं दिशा की बैठक हेतु अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित प्रोग्रेस की पीपीटी भेजने के साथ ही एजेंडा के अनुसार पूरी तैयारी कर बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को अहिंसा सर्किल पर पोल शिफ्टिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए साथ ही एग्रीकल्चर कनेक्शन की प्रगति जानी। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कोषाधिकारी को 12 अप्रैल को आयोजित होने वाली जेल प्रहरी परीक्षा 2024 को सफलतापूर्वक करवाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा कि। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए ग्रीष्म काल में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा कर जलदाय विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जल शक्ति अभियान के तहत संबंधित अधिकारियों को जल संरक्षण से संबंध में किए गए कार्यों को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें, पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करते हुए अन्य तैयारियां पुख्ता रखें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने गेहूं एवं सरसों की एमएसपी खरीद के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश कुमार, कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, बिजली विभाग, समाज कल्याण रमेश दहमीवाल, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, इरिगेशन, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# अमर बाबा गिरधारी दास महाराज की निकली शौभायात्रा, 9 अप्रेल को भरेगा मेला : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित अमर बाबा गिरधारी दास महाराज के मेले को लेकर सोमवार को शौभायात्रा निकली। इस शौभायात्रा का सुभारम्भ पुराने बाजार स्थित रामलीला मैदान से मुख्य मार्गों से गुजरते हुए अमर बाबा गिरधारी दास आश्रम पहुँची।

मेला कमेटी के अध्यक्ष क़ायमसिंह शेखावत ने बताया कि आज के कार्यक्रम के अलावा रात्रि को सत्संग का आयोजन होगा तथा सत्संग के समापन के बाद अखण्ड रामायण का पाठ होगा। उन्होंने बताया कि मेले के दिन मेला कमेटी द्वारा अखण्ड भण्डारे का आयोजन भी होगा।वहीं मेले में दंगल कुश्ती का आयोजन भी होगा तथा अंतिम कामड़े की कुश्ती 31हजार की होगी। शेखावत ने बताया कि मेले के समापन के बाद रात्रि को हाथरस पार्टी द्वारा रंगारंग प्रोग्राम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# पानी के जितने टेंकरों की सप्लाई दर्शाई जा रही, उससे आधे भी नहीं आ रहे, लाखों रुपए कहां जा रहे?

- रामगंजमंडी में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री की ओर से आयोजित हुआ जन संवाद शिविर, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने लगाए गम्भीर आरोप
- ठेकेदार फर्म के प्रतिनिधि ने भुगतान बकाया होने की शिकायत भी की, मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों को दिए समस्या समाधान के सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (राजीव सक्सेना)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में जनसंवाद शिविर का आयोजन किया। इसमें आमजन की सबसे बड़ी चिंता पेयजल संकट के रूप में सामने आई। बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जलदाय विभाग की कार्य प्रणाली पर गम्भीर सवाल उठाए और समाधान की मांग की। जिला परिषद सदस्य धीरज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि उनके वार्ड की अरनिया ग्राम पंचायत में प्रतिदिन पानी के 5 टेंकरों की सप्लाई दर्शाई जा रही है, जबकि वास्तव में दो टेंकर भी नहीं आते। उन्होंने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की और संभावित वित्तीय अनियमितता की ओर ध्यान आकर्षित किया। खैराबाद पंचायत समिति के उपप्रधान सुनील गौतम ने जानकारी दी कि सुकेत, रामगंजमंडी और सातलखेड़ी में वार्षिक टेंकर सप्लाई का टेंडर 20 लाख रुपए का है, लेकिन कुछ ही महीनों में सम्पूर्ण राशि खर्च हो जाती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की स्थिति जस की तस बनी रहती है। रामगंजमंडी ग्रामीण में 50 लाख रुपए का टेंडर होते हुए भी पर्याप्त सप्लाई नहीं हो रही। भटवाड़ा और जालमपुरा से आए ग्रामीणों ने भी पानी की कमी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन वर्ष 2022 में शुरू हुआ था, लेकिन आज तक इसका लाभ किसी भी गांव में नहीं मिला है।

**अधिकारी बन रहे सफलता में बाधा :** उपजिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर ने कहा कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की सफलता में रामगंजमंडी के अधिकारी बाधा बन रहे हैं। शिविर में आए ठेकेदार फर्म मैसर्स धरेंद्र एंटरप्राइजेज के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि 15 वें वित्त आयोग के तहत रामगंजमंडी खंड की पाइप लाइन बदलने का कार्य उन्हें आवंटित हुआ था। उन्होंने कॉलोनियों में नई पाइप लाइन डालने का कार्य भी कर दिया, लेकिन भुगतान लम्बित है और आगे के कार्यों के लिए आदेश भी नहीं मिल रहे।

**संयम और पारदर्शिता से करें कम :** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संयम और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को पीने का पानी प्राथमिकता से मिलना चाहिए और इसमें किसी भी स्तर की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी।



# विद्यार्थियों ने समझा प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण का महत्व, विशेषज्ञों ने दी उपयोगी जानकारियां

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से संगोष्ठी का आयोजन
- स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही स्वस्थ समाज का आधार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें फर्स्ट एड (प्राथमिक उपचार) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों, चिकित्सा विशेषज्ञों और रेडक्रॉस पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का आयोजन एक प्रेरणादायी और जागरूकता बढ़ाने वाले वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने की। बिरला ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि से अनेक जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। आज का युवा यदि फर्स्ट एड जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का ज्ञान रखता है तो वह किसी भी आपात स्थिति में जीवन रक्षक बन सकता है।




**फर्स्ट एड प्रशिक्षण मानवीय कर्तव्य :** रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन ने फर्स्ट एड प्रशिक्षण को केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा ही नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य बताया। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लाभ बताते हुए उन्होंने कहा कि यह न केवल आपके ज्ञान में वृद्धि करेगा, बल्कि समाज में सेवा की भावना भी जागृत करेगा।

**घायल व्यक्ति की मदद करने पर मिलता है आत्मसंतोष :** एमबीएस अस्पताल के अधीक्षक धर्मराज मीणा ने कहा कि फर्स्ट एड का सर्टिफिकेट पाना महत्त्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण है वह आत्मसंतोष, जो किसी घायल व्यक्ति की मदद करने पर मिलता है। उन्होंने यह भी जानकारी भी दी कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से एमबीएस अस्पताल के लिए एक करोड़ रुपए की लागत की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार की जा रही है, जिससे अस्पताल में नई सुविधाएं और उन्नत सेवाएं जोड़ी जाएंगी। रेडक्रॉस सोसायटी के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण नैनानी ने फर्स्ट एड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी विद्यार्थियों से शपथ लेने का आग्रह करते हुए कहा, आप सभी संकल्प लें कि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी जरूरतमंद को प्राथमिक उपचार प्रदान करेंगे। दुर्घटना, आकस्मिक चोट या आपात स्थिति में आपकी छोटी सी मदद किसी की जान बचा सकती है। स्टेट सेक्रेटरी जगदीश जिंदल ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहना चाहिए। समय-समय पर निरंतर जांच करवानी चाहिए।

### संगोष्ठी में ये भी रहे मौजूद

संगोष्ठी में निदेशक महेन्द्र कुमार शर्मा व अशोक मीणा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि स्वास्थ्य जागरुकता ही एक सशक्त समाज की नींव है। संचालन स्टेट सेक्रेटरी जगदीश जिंदल ने किया।

# परियोजना निदेशक ने की आरयूआईडीपी व रूडसिको के कार्यों की समीक्षा

### संचालन एवं रखरखाव के दौरान रेगुलर मॉनिटरिंग के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के परियोजना निदेशक एवं रूडसिको के कार्यकारी निदेशक पीयूष सामरिया ने सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी एवं सम्बंधित अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक कर परियोजना के तहत किए गए कार्यों एवं अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही सीवरेज कार्यों का निरीक्षण भी किया।

कार्यकारी निदेशक सामरिया ने जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी एवं सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सीवरेज परियोजना के तहत निर्मित परिसम्पतियों को सम्बंधित विभागों को हस्तांतरण करने के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्मित परिसम्पतियों के शीघ्र हस्तांतरण की कार्यवाही की जाए। साथ ही, हस्तांतरण के उपरांत सुचारू रखरखाव के लिए समय-समय पर फीडबैक भी लिया जाए, ताकि आमजन को सीवरेज प्रणाली का लाभ जल्दी और निरंतर मिलता रहे। एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिए।

**मिसिंग लिंक की पहचान कर आगे की कार्रवाई हो :** कार्यकारी निदेशक ने अमृत योजना फेज 1 व 2 की समीक्षा कर निर्देश दिए कि मिसिंग लिंक की पहचान कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पूर्णता की ओर जा रही परियोजनाओं को बरसात से पूर्व पूरा कर लिया जाए। योजनाएं गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइम लाइन पर पूर्ण हों, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जानकारी ली कि कितनी बस्तियों का ड्रेनेज चम्बल नदी में हो रहा है। साथ ही, निर्देश दिए कि ऐसी बस्तियों को चिह्नित कर सर्वे कराया जाए और ड्रेनेज सिस्टम का प्रस्ताव तैयार किया जाए। परियोजना निदेशक ने अफोर्डेबल आवासीय योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना की भी सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव कुशल कोठारी, नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी, नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव, आरयूआईडीपी के अतिरिक्त परियोजना निदेशक प्रथम देवेन्द्र कुमार मीना, नगर निगम उत्तर, दक्षिण व विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### कार्यों का किया निरीक्षण

कार्यकारी निदेशक पीयूष सामरिया ने आरयूआईडीपी द्वारा विकसित 40 एमएलडी एवं रूडसिको द्वारा निर्मित 20 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट धाकड़ खेड़ी का निरीक्षण किया और प्लांट की कार्य प्रणाली एवं स्काडा सिस्टम की बारीकियों को समझा।आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता राकेश गर्ग ने बताया कि कोटा शहर में सीवरेज प्रणाली के विकास के लिए विभिन्न कार्य किए गए हैं, जिनमें 4 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटस का निर्माण कार्य शामिल है। इन कार्यों का 10 वर्षों तक संचालन व संधारण संवेदक द्वारा किया जाएगा।

# भाजपा का जिला स्तरीय समारोह 9 अप्रेल को, बैठक में तैयारियों को दिया अंतिम रूप

- पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम
- 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का होगा दुग्धाभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (राजीव सक्सेना)।** भाजपा के स्थापना दिवस समारोह के क्रम में कोटा शहर का जिला स्तरीय समारोह 9 अप्रेल को तलवंडी स्थित जाट समाज परिसर में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक महेश विजय व सह संयोजक कुलदीप सिंह तलवार ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला टीम व पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष राकेश जैन मुख्य अतिथि थे। इसमें जिलाध्यक्ष जैन ने बताया कि घर-घर भाजपा के झंडे लगाकर भाजपा स्थापना दिवस का शुभारम्भ हो चुका है। सोमवार को बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं ने घर-घर सम्पर्क कर भाजपा के झंडे लगाए एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को बताया।



**बैठक में पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां :** कार्यक्रमों की कड़ी में भाजपा कोटा शहर का जिला स्तरीय समारोह 9 अप्रेल को तलवंडी स्थित जाट समाज परिसर में शाम 4 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम की जिला टीम एवं जिला पदाधिकारियों के साथ तैयारी बैठक कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह भी प्रस्तावित है।

**9 से 13 अप्रेल तक ये आयोजन होंगे :** इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटा शहर में निवासरत भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि, प्रदेश से लेकर सभी सक्रिय सदस्य सम्मिलित होंगे। 9 अप्रेल से 13 अप्रेल तक मंदिरों में साफ-सफाई, हवन-पूजन, पक्षी धरों की स्थापना, बस्ती चलो अभियान, अस्पतालों में स्वच्छता अभियान, फल वितरण, लाभार्थियों से मिलना, जलाशयों, जल निकायों की साफ-सफाई, गायों को चारा एवं गुड़ खिलाना, चिकित्सा शिविर लगाना आदि सेवा कार्य किए जाएंगे।

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह की रूपरेखा भी घोषित :** 14 अप्रेल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में, पूर्व संध्या पर साफ-सफाई, दीपोत्सव व 14 अप्रेल को दुग्धाभिषेक, माल्यार्पण सहित कई कार्यक्रम होंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र राही, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, हरिहर गौतम, जयदेव सुखेजा, कार्यक्रम सहसंयोजक महेश आहूजा, केशवपुरा मंडल अध्यक्ष दीनू बंजारा, विज्ञान नगर मंडल अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जैन सोशल ग्रुप 'आगम' की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** जैन सोशल ग्रुप 'आगम' की ओर से सत्र 2025-27 के लिए पुरस्कार वितरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संगठनात्मक उत्साह, सामाजिक एकता और सम्मान की भावना से परिपूर्ण रहा। समारोह की जानकारी देते हुए ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष कपिल जैन ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में अनिल - मोनिका दौराया को अध्यक्ष, नितिन - स्वप्निल जैन को उपाध्यक्ष, नितेश - पूजा जैन को सचिव, प्रतीक - विनीता जैन को सह सचिव एवं प्रीति - शोभित जैन को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

**कार्यकर्ताओं को मिला सम्मान :** समारोह के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष दीपक— नीना जैन नांता ने सत्र 2023-25 के दौरान कार्यरत विभिन्न कार्यक्रम संयोजकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्रतीक प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। कार्याध्यक्ष संजीव-रितु ने जानकारी दी कि इस समारोह में कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इनमें प्रेम बजाज, प्रकाश दीपपुरा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, संरक्षक विमल चंद नांता, सकल दिगंबर जैन समाज कोटा के अध्यक्ष प्रकाश बज, महामंत्री पदम बडला,




कोषाध्यक्ष जितेंद्र हरसौरा, हरीश खंडेलवाल, चेतन जैन, नीरज त्रिवेदी, अशोक जैन, लोकेश जैन, विकास अजमेरा आदि शामिल थे। नवचयनित कार्यकारिणी को जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों अनिल काला, मनीष जैन एवं सुरेश नगेदा ने शपथ दिलाई और नई जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। समारोह में ग्रुप के सभी सदस्यों, उनके परिवारजनों एवं समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को यादगार बना दिया।

# सकल जैन समाज आज निकालेगा 5 किलोमीटर लम्बी अहिंसा पदयात्रा

### भगवान महावीर कल्याणक महोत्सव के तहत होगा यह आयोजन, दिगम्बर और श्वेताम्बर समाज की दिखेगी एकता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में 8 अप्रेल, मंगलवार को सुबह 7 बजे से अहिंसा पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा 5 किलोमीटर लम्बी होगी।

सकल दिगम्बर समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज एवं श्वेताम्बर समाज के समन्वयक पंकज मेहता सहित अन्य पदाधिकारियों ने बैठक में इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। साथ ही संयोजकों को कार्यभार का वितरण भी किया।

**यहां से यहां तक जाएगी अहिंसा यात्रा :** सकल जैन समाज के मुख्य संयोजक जेके जैन व संयोजिका रेखा हिंगड़ ने बताया कि सकल जैन समाज की पदयात्रा में समस्त जैन समाज के लोग शामिल होकर एकता का परिचय देंगे और महावीर के संदेशों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान करेंगे। तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दिगम्बर व श्वेताम्बर जैन समाज कोटा महानगर में अहिंसा पदयात्रा का आयोजन महावीर नगर प्रथम दिगम्बर जैन लाल मंदिर से दानबाड़ी तक किया जाएगा। जेके जैन ने बताया कि इस पदयात्रा में दिगम्बर समाज की महिलाएं व श्वेताम्बर समाज की ओर से भगवान महावीर के जन्म से पूर्व आए 16 स्वप्नों की झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। भगवान महावीर के संदेशों को महिलाएं पदयात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर तख्तियों व बैनरों के माध्यम से प्रदर्शित करेंगी। रेखा हिंगड़ ने बताया कि अहिंसा पदयात्रा को रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला, विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, लोकसभा अध्यक्ष के निजी सचिव अंकित जैन, केडीए सचिव कुशल कोठारी व संरक्षक राजमल पाटोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सोमवार को आयोजित तैयारी बैठक में दिगम्बर समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज, मुख्य संयोजक जेके जैन, श्वेताम्बर समाज के समन्वयक पंकज मेहता, रेखा हिंगड़, अंकित सेठिया, ज्ञान चंद लोढ़ा, प्रदीप बरडिया, विजय दुगेरिया, कमलेश सांवला, धर्मचंद जैन, दीपू व भुवनेश जैन शामिल रहे।



# भारतीय साहित्य संस्कृति एवं परंपराओं का बुजुर्गों के पास है खजाना, पेंशनर्स समाज की अमूल्य निधि : गृह राज्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पेंशनर्स समाज की अमूल्य निधि हैं, इन्हें सम्मान व समय देकर बेहतर समाज निर्माण के लिए युवाओं को संस्कृति व संस्कार की शिक्षा ग्रहण करनी होगी। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा में रहने के दौरान जनता की सेवा करने वाले पेंशनर्स अब समाज में नवाचारों से जुडकर पर्यावरण संरक्षण, संस्कृति व संस्कारों को भावी पीढी तक पंहुचा कर अतुलनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय साहित्य, संस्कृति व परम्पराओं का खजाना बुजुर्गों के पास है इसे आने वाली पीढियों को लाभान्वित करने के लिए पेंशनर्स अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आज गांव से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। पारिवारिक मूल्यों में गिरावट आ रही है, इसे रोकने के लिए पेंशनर्स को आगे आकर आपसी संवाद से विचारों का आदान-प्रदान कर भावी पीढी को लाभान्वित करना होगा। पेंशनर्स समाज में संस्कृति, संस्कार एवं परम्पराओं को नई पीढी तक पंहुचा कर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पेंशनर स्वयं को सेवानिवृत नहीं मानें बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुडकर देश-प्रदेश के सुनहरे भविष्य में सक्रियता से भागीदार बनें।यह कहना है गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम का। राज्य मंत्री सोमवार को बीडीए ऑडिटोरियम में आयोजित पेंशनर्स समाज अधिवेशन में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। बजट में पेंशनर्स से संबंधित 10 प्रमुख मांगों को शामिल कर समस्याओं का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स को अब समाज के नवनिर्माण में सक्रियता से भागीदारी निभाते हुए राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण व सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं। बुजुर्गों का सम्मान एवं आदर हमारी परम्परा रही है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले पेंशनर्स को आव्हान किया कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान, संस्कृति, संस्कार के प्रचार-प्रसार व युवाओं को मार्गदर्शन देने में प्रेरक की भांति कार्य करें। कोषाधिकारी डॉ. लोकेन्द्रसिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। अधिवेशन को प्रदेश अध्यक्ष शंकरसिंह मनोहर, जिला अध्यक्ष डोरीलाल शर्मा, प्रदेश सचिव किशनसहाय शर्मा सहित पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर 90 से अधिक आयु के पेंशनर्स को प्रतीक चिन्ह देकर व शॉल उडाकर सम्मानित किया गया। पेंशनर्स शाखा भरतपुर की स्मारिका का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। अधिवेशन में पेंशनर्स समाज के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी, भरतपुर व डीग जिले के पेंशनर्स ने भाग लिया।



# भ्रष्टाचार सबसे बड़ी चुनौती : रामकिशन

## तरकमा में पानी का संकट, ग्रामीणों में व्याप्त आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** तर गवां सहित पूरे क्षेत्र में सिंचाई पानी की बात तो दूर रही पीने के पानी का व्यापक संकट है जबकि तेज गर्मी पड़ना शुरू हो गया है । ग्रामीणों ने प्रशासन पर भी अनसुनी और अनदेखी का आरोप लगाया । ग्रामीणों ने पानी की समस्या का समाधान नहीं होने पर आन्दोलन करने का निर्णय लिया । किसानों की बैठक में पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि तीन दशक पूर्व चम्बल पेयजल योजना बनबाई गई थी जिसमे उस समय का पूरा जिला सामिल था जिसकी लागत 12 अरब थी लेकिन जिले की राजनीति कमजोर होने की वजह से यह योजना महज दो अरब की ही रह गई और महज भरतपुर शहर ओर रास्ते के गाँवों को ही इसका लाभ मिल सका । यह कहना है पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का। पंडित रामकिशन भुसावर तहसील के गांव तरगवां में किसानों द्वारा आयोजित बैठक में अपना उदबोधन दे रहे थे!

**चम्बल पेयजल योजना से क्षेत्र उपेक्षित :** पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि चम्बल पेयजल योजना में वैर भुसावर का क्षेत्र अभी तक शामिल नहीं किया गया । उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी चुनौती है और जो जिम्मेदार पदो पर बैठे लोग है वो अनजान बने बैठे है अगर देश में भ्रष्टाचार और मची लूट को नहीं रोका गया तो आजादी के मायने अधूरे रह जायेंगे । उन्होंने कहा कि भारत में भ्रष्टाचार की रैंक लगातार बढ़ती जा रही है ।

उन्होंने कहा कि एक ऐजेन्सी ने भ्रष्टाचार को लेकर 180 देशो में जानकारी जुटाई कि किस देश में कितना भ्रष्टाचार है उसमें भारत का नम्बर गत वर्ष 163 वाँ था जो अब बढ़ कर वो स्थान 166 वे नम्बर पर पहुंच गया है , इसका मतलव साफ है कि देश में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस बैठक में किसानों ने सौ वर्ष पूरे होने पर शतायु पुरुष पंडित रामकिशन और इन्दल सिंह का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया । किसानो की बैठक ग्राम तरकमा में रविवार को आयोजित हुई। बैठक में सरूप सिंह सुवेदार मंशापुरा , चैयरमेन महाराज सिंह तरकमा , राधेश्याम घाटरी , किसान नेता मोहन सिंह तरकमा, वासुदेव बाबा , भगवान सिंह , बच्चू डीलर सहित बड़ी संख्या में किसानो महिलाओं ने हिस्सा लिया । बैठक की अध्यक्षता पूरन मास्टर मंशापुरा ने की जबकि संचालन मोहन सिंह किसान नेता ने किया ।

# भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाकर पार्टी की रीति नीति के बारे में बताया

## भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हम सभी को जनसंघ से प्रेरणा लेनी चाहिए - विशंभर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सत्येद्र पाराशर की अध्यक्षता में पार्टी का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया। संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता बिशंभर दयाल शर्मा कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हम सबको जनसंघ के सदस्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्र को प्रथम मानते हुए आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के इतिहास विकास और पार्टी की रीति-नीति के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवचरण कुशवाह, जिला संयोजक मुकेश हनुमानपुरा भी उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरसिंह जादौन ने किया। इस अवसर पर भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी वक्ताओं ने प्रकाशडाला। कार्यकर्ताओं को केंद्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओ का लाभ लोगों को दिलाने का आह्वान किया। सहसंयोजक रामकुमार कुशवाह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, मीडिया प्रभारी एडवोकेट राजू गुर्जर, भाजपा नेता महाराज सिंह चाहर, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, जिला संयोजक सोशल मीडिया ऋतिक वर्मा, सहसंयोजक लोकेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विशाल सिंघल, मुश्ताक कुरैशी, मंडल महामंत्री अशोक पचौरी, फैजल खान, योगेश जादौन, विवेक रावत, रामकुमार गुर्जर, नवीन तिवारी, पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, दुर्गेश श्रीवास्तव, महावीर गर्ग आदि मौजूद रहे।

# राजाखेड़ा के रहसेना में महिला सशक्तिकरण के लिए 'प्रेरणा' कार्यक्रम, एनजीओ के माध्यम से महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजाखेड़ा के गांव रहसेना में महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हुनर शक्ति फाउंडेशन की पहल 'प्रेरणा' कार्यक्रम में जयपुर से आईं प्रीति सक्सेना मुख्य अतिथि थीं।

कार्यक्रम में श्री लक्ष्मी नारायण चैरिटेबल सोसाइटी की प्रोजेक्ट मैनेजर प्रीति सक्सेना ने महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार और एनजीओ के माध्यम से सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर और कौशल विकास के नि:शुल्क प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। हुनर शक्ति फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राधे श्याम तोमर ने ग्रामीणों को बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ खेल में रुचि विकसित करने की सलाह दी। संस्था सचिव नीरज झा ने बताया कि फाउंडेशन 'शिक्षा आपके द्वार', 'उड़ान योजना', 'उदय शक्ति', 'मंजिल शक्ति' और 'मेरा हुनर मेरी पहचान' जैसे कार्यक्रम चला रहा है।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका शरद भटनागर ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कृषि, मेडिकल और शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साथ ही उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

# थ्रेसर मशीन में काम करते वक्त फंसी शर्ट की आस्तीन- इलाज के दौरान पीड़ित किसान रामेश्वर को किया भरतपुर रैफर

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना के गांव खानखेड़ा में रविवार को एक किसान थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गया। खानखेड़ा निवासी रामेश्वर (55) गेहूं की फसल की थ्रेसिंग करा रहे थे। इस दौरान उनकी शर्ट की आस्तीन मशीन में फंस गई। मौके पर मौजूद मजदूरों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने तुरंत मशीन बंद कर रामेश्वर के हाथ को बाहर निकाला। घायल किसान को पहले बयाना के राजकीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें भरतपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक दिन पहले शनिवार को भी बयाना के नगला बंसिया गांव में थ्रेसर से जुड़ा एक हादसा हुआ था। इसमें एक महिला रूपंती की मौत हो गई थी। ये दोनों घटनाएं कृषि मशीनों के संचालन में सुरक्षा की अहमियत को रेखांकित करती हैं। किसानों को इन मशीनों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

# नाराज हुए शिक्षक हाथों पर बांधी काली पट्टी और दर्ज कराया अपना विरोध

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सोमवार को तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादले खोलने पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाने और तृतीय श्रेणी अध्यापक डीपीसी की मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत द्वारा काली पट्टी बांधकर सरकार के सामने विरोध दर्ज कराया। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की प्रदेश इकाई द्वारा एक जूम बैठक आयोजित की गई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था की सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादला नहीं खोल रही है जबकि सरकार द्वारा तबादला खोलने का वादा किया गया था प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा ने कहा कि सरकार अपना वादा भूल गई है। सरकार पारदर्शी स्थानांतरण नीति की बात करती है लेकिन उस पर कार्य नहीं करती अगर सरकार पारदर्शी स्थानांतरण नीति लेकर आती है तो कई समस्याओं का हल एक साथ हो जाएगा। प्रदेश महामंत्री डा रनजीत मीणा ने कहा कि राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा जनवरी माह में जब सभी विभागों में स्थानांतरण खोले जा रहे थे तब कहा था कि अध्यापकों के तबादले 15 मार्च के बाद होंगे। अब जब बोर्ड परीक्षाएं खत्म हो गई हैं तो शिक्षक सरकार के सामने पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांध कर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। अध्यापक और अध्यापिकाओं ने शिक्षक संघ एकीकृत के इस आंदोलन में जमकर भाग लिया सबने वर्षों से तबादले नहीं होने का दर्द सरकार के सामने रखा। डा मीणा ने कहा कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों को हर दिन अपमानित किया जाता है जबकि तृतीय श्रेणी अध्यापक विद्यालयी शिक्षा की नींव हैं। अध्यापिका अनीता शर्मा ने कहा कि जयपुर धरने में हम लोगों ने कई बार सरकार को अपना दर्द बताया है में भरतपुर की रहनेवाली हूं और जालोर लगी हुई हूं मुझे 15 वर्ष हो गए यहां नौकरी करते हुए जबकि मेरे पति का देहांत हो चुका है बच्चों की देखभाल मेरे अलावा कौन करेगा। संगठन महामंत्री चंद्रभान चौधरी ने कहा कि तृतीय श्रेणी अध्यापकों की सरकार डीपीसी करती है तो आधे तबादले नहीं करने पड़ेंगे और जो रिक्त पद पड़े हुए हैं वो भी भर जाएंगे जिससे विद्यालयों को शिक्षक मिल जाएंगे। सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों को छोड़कर सबकी डीपीसी कर रही है। धौलपुर में यह आंदोलन जिला अध्यक्ष भगवान सिंह मीणा के नेतृत्व जारी रहा।

# स्वास्थ्य के दो कारक हैं, संतुलन भोजन तथा समय पर इलाज : डॉ. सिंह



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पुरातन काल से ही पहला सुख निरोगी काया माना गया है। किसी भी देश के विकास के लिए मानव स्वास्थ्य एक प्रमुख पहलू है। स्वास्थ्य के दो कारक हैं, संतुलन भोजन तथा समय पर इलाज। ग्लोबल हैंगर इंडेक्स 2024 के अनुसार 127 देशों में भारत का 105 वा स्थान है यानि यहाँ की सम्पूर्ण जनसंख्या के लिए अनाज, दाल, दूध, फल, सब्जी आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नही हैं। हमें खाद्य पदार्थों के उत्पादन बढाने के साथ उसके रखरखाव व भण्डारण पर भी ध्यान देना होगा। यहाँ जागरूकता के अभाव में विशेषत: आदिवासी व पिछडे इलाको में लोग झाडफूँक व झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाते है, अत: ऐसे क्षत्रों में जागरूकता अभियान, पर्याप्त संख्या में अस्पताल खोलना व सस्ती दवाई उपलब्ध कराना आवश्यक है।यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह का, डॉ. सिंह विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बिचार गोष्ठी में अपना मत व्यक्त कर रहे थे! विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम 'स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य' रखी गयी है। हमें मातृ एवं नवजात शिशुओ की मृत्यु रोकने के प्रयास करने होंगे। महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्वास्थ्य प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है, अत: हमे गरीब एवं पिछडे तबकों के अच्छे स्वास्थ्य हेतु फण्ड की व्यवस्था करनी चाहिए। डॉ. राहुल कुमार, डॉ. मोहित कुमार व डॉ. विकास कुमार आर्य ने भी अपने बिचार व्यक्त किये।

# कांग्रेस कमेटी के प्रयासों के तहत संगठन को मजबूत करने की कवायत शुरू



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रयासों के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की कवायद शुरू हो गई है। पीसीसी की ओर से बयाना विधानसभा प्रभारी बनाए गए प्रदेश सचिव राजेश कटारा के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को सूपा मार्केट में कांग्रेस शहर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा रहे। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष बहादुर सिंह पटेल ने की। बैठक में सर्वप्रथम नवनियुक्त शहर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता को पद का दायित्व सौंपा गया। उन्हें शीघ्र ही शहर मंडल की नई कार्यकारिणी के गठन का कार्यभार भी दिया गया। विधानसभा प्रभारी कटारा ने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने 2025 को संगठन सृजनात्मक वर्ष घोषित किया है। पार्टी इस वर्ष संगठन को मजबूत करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। इसी क्रम में मंडल स्तर पर नई नियुक्तियां की जा रही हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनोज पटेल, जिला महासचिव मेघसिंह सरपंच, अशोक गर्ग, रामकिशन सैनी, वेद प्रकाश पटवारी, बाबूलाल वर्मा, रेणु राजौरा, राम खिलाड़ी नहरौली, धर्मेंद्र जैन, धीरज चौधरी एडवोकेट, संगठन महासचिव फिरोज खान, सुलेमान, रसीद खान, दानसिंह जाटव, सचिन मावई, नवल सिंह, दिनेश जाटव, विजय सिंह नागर, टीकम सिंह, मोहन सिंह सरपंच, बच्चू सिंह आदि कई लोग मौजूद रहे।

# चैत्रीय नवरात्र में माता रानी के मेले में हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

## ख्यातिनाम कवियों ने किया काव्य पाठ, नगर पालिका द्वारा आयोजित हुआ मेला

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** चैत्रीय नवरात्र में मां राज्यराजेश्वरी के मेले में नगर पालिका द्वारा नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया गया। नवदुर्गा महोत्सव के समापन पर रविवार की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें ख्याति अनामिका जैन अंबर,खुशबू शर्मा,कवि रामबाबू सिकरवार जैसे ख्यातिनाम कवियों ने काव्य पाठ किया। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा।

काव्य पाठ से पूर्व सभी कवियों का मेला कमेटी अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और नगर पालिका टीम द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा रहे साथ में उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी,तहसीलदार उत्तमचंद बंसल,सीओ महेंद्र कोतवाली थाने के सहायक इंचार्ज हरवीर सिंह,टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा,ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज गोविंद एवं टीम,समाजसेवी रामकिशन गर्ग,पूर्व सरपंच विशंभर सिंह,सामान्य अस्पताल के पीएमओ डॉ हरकिशन मंगल का मंच पर स्वागत एवं सम्मान हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट स्थिति के रूप में चेयरमैन होतम सिंह,बाइस चेयरमैन अहमद जमा खां, समाजसेवी मुस्ताक अहमद,भाजपा जिला महामंत्री अनिल गोयल,बाड़ी अध्यक्ष वंदना शिवहरे सहित अन्य अतिथियों का भी मंच से स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ में मेला आयोजन में सहयोग करने वाले साउंड एवं माइक जेएमडी,पप्पू टेंट वाले,फोटो स्टूडियो संचालक एमके खां एवं खेमचंद का भी मेला मंच से स्वागत और सम्मान हुआ। कवि सम्मेलन के दौरान मेरठ से आई कवियत्री अनामिका जैन अंबर,दिल्ली की हास्य श्रृंगार की कवियत्री खुशबू शर्मा, गीतकार कवि रामबाबू सिकरवार,वीर रस के कवि सौरभ जैन सुमन,हास्य के कवि विनोद पाल और बनारस के कवि दमदार बनारसी ने अपने हास्य-व्यंग्य की ऐसी रचनाएं प्रस्तुत की श्रोता लोटपोट हो गए।

# शक्तिपीठ मूला मातारानी के नो दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले का 51 फिट के विशाल रावण पुतला दहन के साथ समापन

## भक्तों ने भजन संध्या में प्रस्तुत भजनों एवं महाभंडारे में प्रसाद का लाभ लिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर के राजमार्ग स्थित प्राचीन एवं पुरातात्विक महत्व के शक्तिपीठ स्थल मुला मातारानी के दरबार में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति आयोजित नो दिवसीय भव्य धार्मिक मेले के 8वें दिवस रविवार को मेले रंगमंच पर यश म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का प्रारंभ किया गया।जिस पर भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं भक्तिरस से ओतप्रोत होकर झूमते-नाचते लुत्फ उठाया।जिससे उक्त भजन संध्या का देर रात्रि दो बजे तक संचालन हुआ। मुला माता मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता




मंदिर पर आयोजित चैत्र नवरात्रि मेले में मातारानी के दर्शनों एवं मेले में लगे डोलर, चकरी,झूलों सहित रंगमंच के कार्यक्रमों का लुत्फ उठाने हेतु बड़ी तादात में भक्त एवं मेलार्थी मुला माता का मेला देखने पहुंच रहे है।इस दौरान पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट द्वारा मुला माता के चैत्र नवरात्रि मेले का अवलोकन बाद मिला मातारानी के दर्शन का लाभ प्राप्त किया। इस नो दिवसीय भव्य मेले 8वें दिवस रविवार को भजन गायककार भेरुलाल बारेगामा,गायिका किरण वैष्णव,नृत्यांगना छाया,शीतल,आरती आदि कलाकारों द्वारा मातारानी की भक्ति भावविभोर एवं विभिन्न धार्मिक भजनों की मनमोहक भजन एवं नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गयी।जिस पर श्रद्धालुओं द्वारा झूमते- नाचते देर रात्रि तक लुत्फ उठाया गया।साथ ही कार्यक्रम में हास्य कलाकार कमल ठाला व साया ने हास्य व्यंग्यों के साथ मेलार्थियों को हंसाकर खूब मनोरंजन किया गया।शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर आयोजित चैत्र नवरात्रि मेले के सफल आयोजन हेतु पवन गौड़,गोपाल गौड़, दिनेश शर्मा,शंकरलाल जाट बालारड़ा,गोपाल काबरा आदि श्रद्धालु,भक्त एवं नगरवासियों द्वारा नि:स्वार्थ सहयोग प्रदान किया जा रहा है।जिससे मुला मातारानी का दरबार आकर्षक स्वागत द्वार एवं रंगबिरंगी रोशनी में जगमगाता आगंतुक श्रद्धालुओ के मन को हर्षित करता प्रतीत होता है।साथ ही आगंतुक श्रद्धालुओ हेतु मेले में मातारानी के प्रसाद स्वरूप संचालित विशाल महाभंडारे में क्षेत्रीय एवं समीपवर्ती क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर महाभंडारे में मुला मातारानी के प्रसाद का लाभ प्राप्त कर रहे। उक्त चैत्र नवरात्रि मेले के अंतिम दिवस सोमवार को 51 फिट के विशाल रावण का पुतला दहन कर भव्य धार्मिक मेले का समापन किया गया।

## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में महिलाओं के आजीविका संवर्धन हेतु जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से सोमवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका, उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना, बाजार उपलब्धता तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिलाओं तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुँचाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करें। बैठक में सीईओ जिला परिषद चंद्रभान भाटी, डीडी महिला एवं बाल विकास नगेंद्र तोलंबिया, जीएम डीआईसी के.के. मीना, नाबार्ड से वसुंधरा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी हेतु कपासन में भाजपा की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र कपासन का कार्यकर्ता सम्मेलन 9 अप्रैल 2025 बुधवार सांय 4 बजे एसआर वाटिका में आयोजित होगा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़े के तहत विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद सीपी जोशी,सहकारीता मंत्री गौतम दक, सांसद सीपी जोशी,निम्बाहेडा विधायक श्रीचंद कृपलानी,बेगू विधायक डॉ. सुरेश धाकड़,भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी आदि पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।उक्त सम्मेलन की अध्यक्षता विधायक कपासन अर्जुनलाल जीनगर करेंगे। इधर भाजपा के कपासन विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु सोमवार को विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देशन में भाजपा पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे विधायक जीनगर द्वारा भाजपा पदाधिकारियों से कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। इस बैठक में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर,शनिमहाराज मंडल अध्यक्ष रतननाथ योगी, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,नगर पालिका पार्षद एवं भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष अशोक विजयवर्गीय,पूर्व अध्यक्ष शंभूलाल जाट,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,महामंत्री सोहन खटीक, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,कैलाश अहीर, मनीष बारेगामा,अशोक शर्मा,प्रतीक वैष्णव,सुरेंद्र सिंह, प्रवीण दाधीच,मुकेश पायक,प्रकाश जाट,अंकित सुखवाल,रतन कचोलिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।जिन्हें विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संबंधी जिम्मेदारी दी गयी।

## श्री राम नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया सालों से चली रही परम्परा

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार कस्बे में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री रामनवमी महोत्सव बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ परम्परागत रूप से चावड़ी बाजार, गंगधार में मनाया गया , रामनवमी मंडल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह परंपरा लगभग 200,300 साल से चली आ रही है इस परंपरा को पहले हमारे दादा ,परदादा,फिर हमारे पिताजी और अब हम इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं, इस कार्यक्रम के आरंभ में प्रथम पूज्य श्री गणेश जी महाराज को मना कर उनकी की वंदना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई,जिसमें सर्वप्रथम राजा दशरथ की सवारी,राम जन्म बखान, भगवान गणेश जी, ब्रम्हा अवतार,,आगमन के साथ ही वराह अवतार,तथा प्राचीन हिरण्यकश्यप , प्रह्लाद संवाद तथा नृसिंह अवतार के जीवंत अभिनय के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये । यह कार्यक्रम रात को 9:00 बजे प्रारंभ हुआ जो रात 2:00 बजे तक चला।इस कार्यक्रम को सुनने और देखने के लिए गंगधार और आसपास गांव केसैकड़ो लोग उपस्थित रहे।रामनवमी मंडल में अध्यक्ष कौशल शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि कालू सिंह, पूर्व सरपंच राजेश नीमा, मनीष मिश्रा, कुमुद शर्मा, दशरथनंदन पांडे,दिलीप मोरी, प्रमोद निगम, मधुरेश शर्मा, बंसीलाल राठौर, राजेश शर्मा,राजू गोड, जितेंद्र देवड़ा, आशीष भट्ट,पंकज नीमा,हीरालाल वर्मा,आयुष शर्मा, श्याम लाल बैरागी,विजय शर्मा,लक्ष्मीनारायण,हरिओम शर्मा, राजू बैरागी,पप्पू नीमा,मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस सोमवार को कम्युनिटी मेडिसिन विभाग (पीएसएम), आर.वी.आर.एस. मेडिकल कॉलेज द्वारा आइएपीएसएम के सहयोग से एमबीबीएस स्नातक छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसकी थीम Healthy Beginnings- Hopeful Futures थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. वर्षा अशोक कुमार सिंह एवं संकाय सदस्यों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रश्नोत्तरी में चार टीमों द्वारा भाग लिया जिसमें विजेता टीम एमबीबीएस बैच 2021 के सदस्य- अभय सिंह राठौड़, अरुण वर्मा, अनिल कुमावत रहे तथा उप-विजेता टीम एमबीबीएस बैच 2021 के सदस्य-अनुष्का दुबे, अभिषेक मिश्रा, नेहा कुमावत रहे। प्रश्नोत्तरी की समाप्ति पर प्रधानाचार्य डॉ. वर्षा, डॉ महेश कुमार चौधरी एवं संकाय सदस्यों द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को मोमेंटो व सर्टिफिकेट प्रदान किये। संचालन डॉ. संदीप कुमार उपाध्याय तथा डॉ संजय जैन एवं निर्णायक की भूमिका डॉ. चित्रा पुरोहित व डॉ. अमित टांक द्वारा निभाई गई। प्रश्नोत्तरी की समाप्ति पर डॉ. मनमोहन गुप्ता, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष सहित उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## हरि शेवा धाम में कन्या पूजन पश्चात कन्या भोज व ब्राह्मण भोज का हुआ आयोजन

### भव्य आतिशबाजी कर हर्षोल्लास से मनाया रामनवमी पर्व

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मन्दिर भीलवाड़ा में दिनांक 6 अप्रैल 2025 रविवार को राम नवमी महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उमंग और उत्साह से मनाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि रामनवमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन पश्चात कन्या भोज व ब्राह्मण भोज कर आम भंडारे का आयोजन किया गया। हेमन दास भोजवानी व अन्य शेवाधारियों ने अन्नपूर्णा रथ से नगर की बस्तियों में प्रसाद (अन्न क्षेत्र) वितरण किया। सायंकाल में भगवान श्री राम नवमी पर्व पर सैकड़ो दीपकों से हरि शेवा प्रांगण में भगवान श्री राम की भव्य महाआरती की गई। श्री राम दरबार सजाया गया। नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर आश्रम में 23 मार्च 2025 से 6 अप्रेल 2025 राम नवमी तक चल रहे सतत सनातन सत्संग पखवाड़े के अंतर्गत डॉ. विष्णु सांगावत एवं उनकी मंडली द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रांगण में भव्य आतिशबाजी की गई। हरि शेवा धाम में संतो व सनातनजन के संग भक्तिभाव का रंग छाया।

भगवान श्री राम को लड्डू महाप्रसाद का भोग लगाया। सूरत से भीलवाड़ा दरबार आकर भक्त अशोक महिमा आहूजा ने अपने जन्मोत्सव पर लड्डू महाप्रसाद का भोग लगा प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर किशनगढ़ के महंत श्याम दास, महंत बाबूगिरी, संत मयाराम, राजाराम, गोविंदराम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल, सिद्धार्थ, मिहिर, सुरेश आहूजा, वंदना आहूजा, अशोक मुंदड़ा, विनोद झुरानी, मुरलीधर कोली, अशोक आहूजा, मोहन लालवानी, हेमंत वच्छानी, अमन शर्मा, गजानंद बजाज, गणेश प्रजापत, पल्लवी वच्छानी, कन्हैयालाल स्वर्णकार, बिलेश्वर डाड, गोपाल नानकानी, पंकज आडवाणी, इंद्र अवतानी, रमेश नेभवानी, बद्रीलाल सोमानी, देवीदास गेहानी, बाबूलाल टाक, महेश नावानी, रामेश्वर ईनाणी, राजा टिकयानी, मनीष सबदानी, शुभांशु जैन, विजय मोटवानी, कमल वेशनानी, जयराम अभिचंदानी, दिनेश सुथार, सुनील शर्मा, लक्ष्मण सिंह राठौड़, दुर्गालाल सोनी, एडवोकेट पवन पंवार, गंगाराम पेशवानी, मनोज मेठानी, अमित खत्री, संजीव राठी, प्रहलाद सोनी, राजेंद्र सोनी, राजेश कुदाल, कन्नू जगत्यानी, कृष्ण कुमार बंसल, रमेश बंसल, हँसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल के सदस्य सहित बड़ी संख्या में सनातनी श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौधरी की अगुवाई में प्रदेशाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान सरकार प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जुली का उदयपुर एयरपोर्ट पर अहमदाबाद में आयोजित हो रहे कांग्रेस राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने हेतु अल्पप्रवास पर रहे।इस दौरान चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष भेरूलाल चौधरी आदि कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत किया।साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिला कांग्रेस, ब्लॉक मंडल एवं नगर कांग्रेस की बुथ कमेटियों साथ संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में विस्तृत चर्चा की गयी।भाजपा की राजस्थान सरकार द्वारा पंचायत एवं नगर पालिका वार्डों के परिसीमन मे भाजपा द्वारा कांग्रेस पार्टी के वार्डों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए तोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

जिस पर प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा द्वारा ऐसी आपत्तियां प्रस्तुत कर धरना एवं प्रदर्शन के साथ संघर्ष करने का आह्वान किया गया। इस दौरान चित्तौड़गढ़-प्रतापगढ़ डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट जगपुरा,प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव ललित बोरीवाल,पीसीसी सदस्य प्रमोद सिसोदिया, अल्पसंख्यक जिला कांग्रेस अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन, नगर कांग्रेस कमेटी कपासन अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत आदि चित्तौड़गढ़ क्षैत्र के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## श्री रामनवमी उत्सव नंदवाना ब्राह्मण समाज कपासन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर में नंदवाना ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को श्री रामनवमी उत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।जिसमे नंदवाना ब्राह्मण समाज कपासन के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ चारभुजा मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुवे नंदवाना समाज के भवन पहुंची तथा यहां चारभुजा नाथ की पदरावणी की गई।

नंदवाना ब्राह्मण समाज कपासन अध्यक्ष प्रकाशचंद्र नंदवाना ने बताया कि रविवार रामजन्म समय यज्ञाचार्य प. राजू व्यास द्वारा हवन-यज्ञ आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया गया।जिसमे नंदवाना समाज के समाजजनों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।जिसकी पूर्णाहुति 5.30 बजे की गई। इस अवसर पर नंदवाना ब्राह्मण समाज के गिरिराज प्रसाद,खेमशंकर,जगदीशचन्द्र, सत्यनारायण, चन्द्रगोपाल,वासुदेव, गिरजाशंकर,प्रमोद



कुमार,बसन्त कुमार, सुभाषचन्द्र, सतीश,राजेश कुमार, आशीष, अरविन्द, राजकुमार, सुनिल,केतन, प्रेमप्रकाश, प्रहलाद, भरत,कैलाशचन्द्र, पुनित, प्रेमप्रकाश, हरिशंकर,अरुण, दीनदयाल आदि स्थानीय समाजजन उपस्थित रहे। यहां राष्ट्र की समृद्धि हेतु समाज का उक्त कार्यक्रम वार्षिक रूप से चौथे वर्ष में मनाया गया।

## ओम प्रकाश मल्होत्रा बने MSME PCI के डिप्टी वाइस चेयरमैन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सेंट्रल MSME प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा ओम प्रकाश मल्होत्रा को डिप्टी वाइस चेयरमैन सेंट्रल के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति दिनांक 7 अप्रैल 2025 से प्रभावी मानी गई है और परिषद द्वारा आगे के आदेशों तक लागू रहेगी। यह नियुक्ति MSME PCI के चेयरमैन विजय कुमार द्वारा प्रमाणित की गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ओम प्रकाश मल्होत्रा को संगठन की जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाना होगा तथा परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करना होगा। यह नियुक्ति MSME PCI के कार्यों को मजबूती प्रदान करने और देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। MSME PCI, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है, जिसका उद्देश्य इन उद्योगों को प्रमोट करना, लोन सुविधा उपलब्ध कराना, विपणन को बढ़ावा देना एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में MSME क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है, जिसमें MSME PCI की भागीदारी भी अहम होगी।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी( अब्दुल सलीम मंसूरी )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के अनुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के निर्देशानुसार विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अधिकार मित्र रामेश्वर पाटीदार ने भवानीमंडी न्यायक्षेत्र के मांडवी रोड़ गांव में मानव स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी, आज के समय में खानपान, स्वस्थ आहार एवं व्यायाम पर ध्यान दिये जाने, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी।

बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी भी दी । और साथ ही नालसा की विभन्न योजनाओं - नालसा (बच्चों और उनके संरक्षण के लिए बाल मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाएं )योजना - 2015, -नालसा - नशा पीड़ितों के लिए नशा उन्मूलन हेतु विधिक सेवाएं 2015, नालसा (मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं), 2015,मानसिक स्वास्थ्य देखभाल देखभाल अधिनियम 2017, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2010, और भरण पोषण कानून के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## सनातन धर्म महिला मंडल द्वारा वार्ड नम्बर 55 में करवाया गौग्रास

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा(अमित शर्मा)।** शहर में गौसेवा संरक्षण को प्रोत्साहन देने एवं निराश्रित गौवंश को भोजन सुलभ करवाने के उदेश्य से श्री गौ सेवा मित्रमंडल एवं पर्यावरण संरक्षण चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित गौग्रास रथ को पहली बार शहर की महिलाओं द्वारा अपने क्षेत्र में संचालित किया गया। सनातन धर्म महिला मंडल की अध्यक्षा सीमा चौधरी के नेतृत्व में संगठन की महिलाओं द्वारा वार्ड नम्बर 55 में घर-घर जाकर निराश्रित गौवंश के लिए रोटी, गुड़, हरा चारा इत्यादि संगृहीत किया गया। क्षेत्र के लोगों द्वारा सीमा चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा घर-घर गौमाता के लिए रोटी मांगने की पहल को ऐतिहासिक बताया गया। श्री गौसेवा मित्र मंडल के संरक्षक बिलेश्वर डाड ने गौसेवा हेतु सनातन धर्म महिला मंडल की महिलाओं द्वारा घर घर गौरथ द्वारा पहुँचने एवं सभी को गौसेवा का सन्देश देने के कार्य की उन्मुक्त हृदय से प्रसंशा की एवं इसे अन्य के लिए प्रेरणादायक बताया एवं समिति की अध्यक्षा सीमा चौधरी का आभार व्यक्त किया।

## हजरत शाह फज़्लुद्दीश अहमद नक्शबंदी मुजद्ददी रहमततुल्लाह अलेह का 104वां उर्स मुबारक का हुआ आगाज



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के गंगधार काली सिधं नदी के पास स्थित हजरत शाह फज़्लुद्दीश अहमद नक्शबंदी मुजद्ददी रहमततुल्लाह अलेह का 104वां उर्स मुबारक सोमवार को हुआ शुभारंभ।गंगधार सदर सलिम खान ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत शाह फज़्लुद्दीश अहमद नक्शबंदी मुजद्ददी रहमततुल्लाह अलेह का 104वां उर्स मुबारक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा। जिसको लेकर उत्साह से तयारी कर ली गई है।उर्स का आगाज सोमवार को परचम कुशाई व कुरआन ख्वानी के साथ किया गया। व 8 अपैल को कुरआन ख्वानी व खतम ख्वाजगान,दुआ एंवम असर की नमाज़ के बाद फातेहा कि जाएगी व लंगर खाने का आयोजन किया जाएगा एवंम 9 अपैल को सुबह लंगर खाने का आयोजन होगा।

जिसमै चौमहला, गंगधार,चिश्ती पुरा,डग सहित मध्य प्रदेश व आसपास क्षैत्र के जियारीन बड़ी संख्या में हिस्सा लेगे।उर्स के दौरान महिलाओं का आना सख्त मना है ।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न

## संगठन को मजबूत करने को लेकर तय हुई रणनिती

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक नगर परिषद सभागार में को ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी राकेश लाठा, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़, पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी, पीसीसी सदस्य शांतिलाल कोठारी, रेलमंगरा प्रधान आदित्य प्रताप सिंह चौहान, नगर परिषद सभापति अशोक टांक थे। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जिसमें बूथ लेवल पर सभाओं का आयोजन करने, संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करने, पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्य व जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया गया। इसको लेकर पदाधिकारियों ने कहां कि हर बूथ पर बूथ अध्यक्ष की बैठक लेने तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहते हुए जनता के दुख दर्द में साथ खड़े रहने का आह्वान किया। इस दौरान गोविंद सनाढ्य, लेहरू लाल अहीर, खूमसिंह मुंदावत, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड़, महेश सेन, ब्लॉक उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भाटी, ओबीसी जिलाध्यक्ष मनोहर कीर, मुकेश भार्गव, नरेंद्र सिंह चौहान, लहरसिंह पदावली, रेलमगरा ब्लॉक अध्यक्ष माधव लाल अहीर, नारायण सुथार, भूरालाल कुमावत, रमेश सिंह बल्ला, नरेश खटीक, शांतिलाल कुमावत, पारस सालवी, गोवर्धन लाल पालीवाल, शिवलाल गाडरी, महिला सेवा दल जिलाध्यक्ष उषा विजयवर्गी, महिला ब्लॉक अध्यक्ष भगवती सालवी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने किया घग्घर डायवर्जन केनाल का निरीक्षण, कार्यों की प्रगति की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** सोमवार को राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने घग्घर डायवर्जन केनाल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा भी उनके साथ मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान मंत्री रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केनाल निर्माण एवं मरम्मत से संबंधित सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्र को अधिकतम जल लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य के जल प्रबंधन में अपनी अहम भूमिका निभाएगी, और इससे कृषि क्षेत्र को विशेष लाभ मिलेगा। मंत्री महोदय ने कार्यस्थल पर मौजूद अभियंताओं एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति, संभावित चुनौतियों और समाधानात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने भी परियोजना की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घग्घर डायवर्जन केनाल से क्षेत्र के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उनकी पैदावार में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इस निरीक्षण दौरे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जल संसाधन विभाग, सिंचाई विभाग एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारीगण मौजूद रहे। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि जल परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर प्रदेश के प्रत्येक किसान तक पानी की पहुंच सुनिश्चित की जाए। इसी दिशा में यह निरीक्षण एक अहम कदम साबित हुआ है।

# अजमेर के मास्टर प्लान योजना क्षेत्र में कृषि भूमि पर अवैध रूप से बिना नक्शा पास व्यावसायिक भवन बनाने की शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( नि.स. )।** भारतीय पब्लिक लेबर पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त को शिकायती पत्र प्रस्तुत कर ट्रांसपोर्ट नगर के पास कृषि भूमि पर नियमों के विपरीत बनाए जा रहे व्यवसायिक भवन बनाने वालों के विरुद्ध नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त को दिए शिकायत पत्र में अवगत कराते हुए बताया कि अजमेर शहर के मास्टर प्लान 2033, के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर योजना क्षेत्र के पास अजमेर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम अजमेर से बिना नक्शा



मानचित्र स्वीकृति के नियमों के विपरीत दोराई क्षेत्र हाईवे रोड रोड सड़क के पास गोल्ड सुख के सामने अजमेर विकास प्राधिकरण के कार्मिकों की मिलीभगत से श्रीमती जसोदा देवी एवं मदन गोपाल अग्रवाल द्वारा धड़ल्ले से अजमेर विकास प्राधिकरण की बिना अनुमति के एवं बिना नक्शा पास कराए कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 913, 914, 916, खसरा नंबर है, जो की कृषि भूमि है, एवं अजमेर मास्टर प्लान योजना क्षेत्र के पास है, उपरोक्त क्षेत्र में कृषि भूमि पर बिना लैंड यूज चेंज कराए, एवं बिना नक्शा पास तथा अजमेर विकास प्राधिकरण स्वीकृति के बिना अनुमति के अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा है, जिसे तत्काल करवाई करवाने की मांग की है। श्री साहू ने इस संदर्भ में अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त को दिए गए शिकायत पत्र में अवगत कराते हुए बताया कि उपरोक्त अवैध निर्माण के विरुद्ध तत्काल अजमेर विकास प्राधिकरण के द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर जिला कलेक्टर के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी अजमेर विकास प्राधिकरण की होगी।

# पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों का नवगठन, पुनर्गठन एवं विलोपन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** जिला कलक्टर मान लोक बन्धु द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों का नवगठन, और पुनर्गठन एवं विलोपन किया गया। इस संबंध में नोटिस का प्रकाशन उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर उपलब्ध है। जनसाधारण को अपनी आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए 6 मई तक एक माह का समय दिया गया है।

जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि जिला परिषद अजमेर की पंचायत समिति पीसांगन में वर्तमान में 24 ग्राम पंचायत है। इसमें 4 ग्राम पंचायतों का नवसृजन, 7 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन और 1 ग्राम पंचायत का विलोपन किया गया है। वही 16 ग्राम पंचायतों को यथावत रखा गया है। अब कुल 27 ग्राम पंचायतें प्रस्तावित है। इस प्रकार पंचायत समिति श्रीनगर में वर्तमान 25 ग्राम पंचायतों में से 4 ग्राम पंचायतों का नवसृजन, 8 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन और 1 ग्राम पंचायत का विलोपन किया गया है। वही 16 ग्राम पंचायतें यथावत बनी रहेंगी। इस प्रक्रिया के बाद अब कुल 28 ग्राम पंचायतें प्रस्तावित है। पंचायत समिति अंराई में वर्तमान में 22 ग्राम पंचायतों को यथावत रखा गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सिलोरा में वर्तमान 33 ग्राम पंचायतों में से 3 ग्राम पंचायतों का नवसृजन, 6 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन किया गया है। वही 27 ग्राम पंचायतें यथावत बनी रहेंगी। इस प्रक्रिया के बाद अब कुल 36 ग्राम पंचायतों का प्रस्ताव किया गया है। इस प्रकार पंचायत समिति केकड़ी में वर्तमान 22 ग्राम पंचायतों में से 4 ग्राम पंचायतों का नवसृजन, 11 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन किया गया है। वही 11 ग्राम पंचायतें यथावत बनी रहेंगी। इस प्रक्रिया के बाद अब कुल 26 ग्राम पंचायतों का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सावर में वर्तमान 21 ग्राम पंचायतों में से 1 ग्राम पंचायतों का नवसृजन, 5 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन और 1 ग्राम पंचायत का विलोपन किया गया है। वही 15 ग्राम पंचायतें यथावत बनी रहेंगी। इस प्रक्रिया के बाद अब कुल 21 ग्राम पंचायतों का प्रस्ताव किया गया है। इस प्रकार पंचायत समिति सरवाड़ में वर्तमान 26 ग्राम पंचायतों में से 7 ग्राम पंचायतों का नवसृजन, 18 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन और 1 ग्राम पंचायत का विलोपन किया गया है। वही 7 ग्राम पंचायतें यथावत बनी रहेंगी। इस प्रक्रिया के बाद अब कुल 32 ग्राम पंचायतों का प्रस्ताव किया गया है।

# नैनवां कॉलेज में चल रहा निर्माण कार्य को करवाया बंद

## निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा गुणवतापूर्वक नहीं किया जा रहा है,कार्य





बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** सरकारी कॉलेजो में अतिरिक्त संसाधन बढ़ाये जाने को लेकर राज्य सरकार की ओर से बजट का आवंटन किया गया था। नैनवां में भी भगवान आदिनाथ जयराज मारवाड़ा महाविद्यालय में 4 करोड़ 25लाख रूपये स्वीकृत हुए थे। रूडसीको को कार्यकारी एंजेसी बनाया गया था। जिसके तहत खेल मैदान,4कमरे ,2 प्रयोगशाला ,चार दिवारी सहित,भवन मरम्मत कार्य किया जाना था लेकिन अधिकृत संवेदक द्वारा चार दिवार निर्माण एंव मरम्मत कार्य में कार्य संतोषप्रद नहीं किया जाने से कॉलेज के प्राचार्य सौभागमल मीणा ने फिलहाल निर्माण कार्य बंद करवा कर कार्यकारी एंजेसी को शिकाय भेजी गई है। प्राचार्य ने बताया कि संवेदक द्वारा चार दिवारी निर्माण में कच्चे प्रत्थर काम में लिये जा रहे है। कार्य गुणवतापूर्ण नहीं होने से निर्माण समिति को अवगत करवाया जा कर फिलहाल निर्माण कार्य को बंद करवाया गया है।

# भव्य रूप से मनाएंगे हनुमान जन्मोत्सव, विशाल शोभायात्रा 12 को




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से देश भर में रामोत्सव के तहत विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी के तहत जिला मुख्यालय पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह विचार विहिप के जिलाध्यक्ष राकेश गोयल ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने बताया की शोभायात्रा को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के अलावा आस-पास के गांवों में टोलियां बनकर बजरंग दल के कार्यकर्ता सम्पर्क कर रहे हैं। जिला मंत्री तुलसीराम गायरी ने कहा की देश वर्तमान में कठोर संकट से गुजर रहा हैं। आये दिन लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। बहन बेटियों के क्षत विक्षत शव शूटकेश, फिज और नालियों में मिल रहे हैं। हिन्दुओं को अपनी शक्ति पहचानकर प्रतिकार करने के जाग्रत होना ही होगा। इस दौरान जिला सम्पर्क प्रमुख जीवनसिंह चारण, जिला कोषाध्यक्ष अम्बालाल सिंघवी, जिला सत्संग प्रमुख अजीत उपाध्याय, नगर मंत्री दीपक रजक, सह मंत्री सुरेश, नगर संयोजक रवि चौबीसा, सह संयोजक मधुसूदन सोनी, नगर सुरक्षा प्रमुख नरेन्द्रसिंह राव आदि मौजूद थे।

### धार्मिक झाँकियां होगी आकर्षण का केंद्र

तुलसीराम ने बताया की शोभायात्रा के दौरान हनुमान जी का विराट स्वरुप, महाकाल, महाकाली, दुर्गा, राम, लक्ष्मण व जानकी, भारतमाता आदि की झाँकिया आकर्षण का केंद्र होंगी। वहीं दुर्गावाहिनी की बहनों एवं बजरंग दल के युवाओं द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

# अपना दुख लेकर ग्रामवासी पहुंचे कलेक्टर के द्वार

## ग्राम पंचायत को 10 किलोमीटर दूर मुख्यालय से जोड़ने का विरोध, आमेट पंचायत समिति के लोढ़ीयाना का वाड़ा गांव का मामला,



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले की आमेट पंचायत समिति के लोढ़ीयाना का वाड़ा गांववासी आज कलेक्ट्री पहुंचे और कलेक्टर को अपना दुखड़ा सुना कर ज्ञापन सोपा। बड़ी संख्या में पहुचे बुजुर्ग और युवाओं ने कलेक्टर को बताया कि उनका गांव लोढ़ीयाना का वाड़ा लोढ़ीयाना पंचायत में रहा है। लेकिन अब परिसीमन के नाम पर इस गांव को पनोतिया पंचायत में जोड़ दिया गया। जो राजस्व गांव से करीब 7 किलोमीटर दूरी पर है। जबकि वहां जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग सरकारी न होकर निजी है जिस पर जाने में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में स्थानीय विधायक को भी लिखित पत्र दिया गया है और कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों की परेशानी इस बात को भी लेकर है कि उनके और उनके बच्चों के दस्तावेजों में परिवर्तन करना भी किसी परेशानी से कम नहीं है। जिसमें पेंशन,बैंक खाता,बच्चों के प्रमाण पत्र आदि में बदलाव करना पड़ेगा जो काफी जो मुश्किल भरा साबित होगा। इसके साथ ही खेतों पर आने-जाने के लिए भी मार्ग उपलब्ध नहीं है यदि इसे लोढ़ीयाना पंचायत में ही रखा जाए तो ग्रामीणों की समस्या समाप्त हो सकती है। ग्रामीणों के इस आग्रह पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से बातचीत कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

# अजमेर रेंज के आईजी ने शाहपुरा में किया वार्षिक निरीक्षण, थाना परिसर में आमजन से किया संवाद

## एससी-एसटी और महिला अत्याचार से संपत्ति संबंधी अपराधों की ली जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( नि.स. )।** अजमेर रेंज के आईजी श्रीमानओम प्रकाश ने सोमवार को भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य और डीएसपी ओम प्रकाश बिश्नोई, थानाधिकारी सुरेश चंद्र मौजूद रहे।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने पुलिस कर्मियों ने आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। डीएसपी कार्यालय में आईजी ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों से एससी-एसटी अपराध, महिला अत्याचार और संपत्ति संबंधी अपराधों की जानकारी ली।आईजी ने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से उन्होंने 15,000 लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्हें कई उपयोगी सुझाव मिले। उन्होंने बनारस क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर चिंता जताई। साथ ही संपत्ति संबंधी अपराधों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।सर्किल क्षेत्र के पुलिस थानों के अधिकारियों से बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। दोपहर बाद थाना परिसर में आमजन से संवाद किया। इस मौके पर सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे पुलिस अधिकारियों के दिए निर्देश।

# सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रीवेंस जयपुर (एसपीजी) द्वारा आयोजित राम जन्म बधाई मोहत्सव-2025 का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रेवेंसेस, जयपुर (एसपीजी) के उपाध्यक्ष राजेंद्र कट्टा ने बताया कि श्रद्धेय महाराज श्री आशीष जी व्यास शास्त्री जी द्वारा राम जन्म अभिनंदन महोत्सव का आयोजन किया गया। एसपीजी समन्वयक प्रियंका रावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्रोताओं द्वारा धार्मिक भजन गाए गए, जिनमें रघुपति राघव राजा राम, जय जय श्री राम, राम जानकी और राम नाम है! जैसे भजन शामिल थे। एसपीजी सदस्य अंशु जी ने



बताया कि इस कार्यक्रम में बालक श्रेयान और बालिका त्रिशिका ने राम और सीता की भूमिका निभाई। सोसायटी ऑफ ग्रेवेंस के अध्यक्ष प्रो. बी. डी. रावत ने बताया कि इस अवसर पर मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, किशनपोल बाजार विधायक अमीन कागदी, हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, कांग्रेस नेता राजीव अरोड़ा, समाजसेवी द्रोपदी देवी, माया देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 5 दिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक का हुआ आगाज

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर जैन युवा संगठन द्वारा सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से 6 अप्रेल से 10 अप्रेल तक 5 दिवसिये कार्यक्रमों का शुभारम्भ 6 अप्रेल को हुआ। समाज के समस्त घरो पर संगठन के सदस्यों द्वारा जैन पचरंगी ध्वज वितरित किये गए।

कार्यक्रमों के अंतर्गत 6 अप्रेल को रात्रि मे श्री दिगम्बर जैन अग्रवाल बड़ा मंदिर जी मे समाज के नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम की शुरुआत जैन युवा संगठन के सदस्यों द्वारा भगवान के आगे दीप जलाकर की गई। कार्यक्रम मे समाज के माताए बहने पुरुष युवा सभी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद जैन बन्नी ने किया। आज 8 अप्रेल को रात्रि 8 बजे से धर्म प्रभावना बालिका मण्डल द्वारा एक नाटिका की प्रस्तुति का आयोजन कार्यक्रम स्थल पर होगा।

# देवनानी पहुंचे गोवा ,देवनानी ने विधानसभा का सदन व भवन देखा

## देवनानी ने गोवा स्पीकर को भेंट किया राजस्थान विधानसभा का प्रकाशन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी सोमवार को प्रात: गोवा पहुंचे। देवनानी ने गोवा विधानसभा अध्यक्ष रमेश तावडकर से विधानसभा में मुलाकात की। श्री तावडकर ने गोवा विधानसभा पहुंचने पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी का दुपट्टा पहनाकर, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

# पहली बार केदारनाथ दर्शन के लिए जा रहे हैं, तो इन टिप्स को न करें इग्नोर



केदारनाथ हिदुओं के लिए एक विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। यह स्थान भगवान शिव को समर्पित है। इस पवित्र स्थल का दर्शन करने हर साल करोड़ों भक्त पहुंचते हैं। हर साल केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने का इतंजार पूरा भारत करता है। केदारनाथ मंदिर का कपाट खुलते ही भक्त दर्शन करने पहुंचने लगते हैं। हिमालय की ऊंचाई पर होने के चलते यहां का मौसम भी हर समय बदलते रहता है। ऐसे में यहां जाने से पहले कई बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है।

## खुद को पहले तैयार करें

केदारनाथ की यात्रा पर निकला और यात्रा तय करने में बहुत फर्क होता है। कई लोगों को लगता है कि अरे बहुत आराम से केदारनाथ का दर्शन कर लेंगे, लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भगवान शंकर का दर्शन करना भी इतना आसान नहीं है। केदारनाथ दर्शन के लिए करीब 16 किमी लंबी ट्रेकिंग करनी पड़ती है। ट्रेकिंग के दौरान समतल, पहाड़, चट्टानों, जंगलों, झरनों और नदियों से होकर गुजरना पड़ता है, जो कई लोगो के लिए बहुत कठिन भी होता है। आपको बता दें कि यह ट्रेकिंग गौरीकुंड से शुरू होती है और केदारनाथ जाकर अंत होती है। ऐसे में यात्रा से पहले खुद को तैयार करना अभूत जरूरी होता है।

## रजिस्ट्रेशन करना ना भूलें

आप सोच रहे होंगे कि अन्य मंदिरों की तरह केदारनाथ भी जाना बहुत आसान है, लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि केदारनाथ जाने से पहले आपको रजिस्ट्रेशन कराना होता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सोनप्रयाग पहुंचने के बाद उत्तराखंड सरकार की तरफ से बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन होता है। रजिस्ट्रेशन करवाना बहुत जरूरी होता है। आपको बता दें कि ऑफलाइन या ऑनलाइन भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए आपसे पास आधार कार्ड या कोई अन्य आईडी जरूर होना चाहिए है।

## मौसम की जानकारी पास रखें

शायद आपको मालूम हो, अगर नहीं मालूम है तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि केदारनाथ मंदिर समुद्र तल करीब 3 हजार मीटर से भी अधिक की ऊंचाई पर मौजूद है। हिमालय की गोद में मौजूद होने के चलते यहां का मौसम चंद मिनटों में बदल जाता है। कभी तेज बारिश होती है, तो कभी तेज धूप निकल जाता है। ऐसे में यात्रा पर निकलने से पहले मौसम में बारे में जानकारी रखना बहुत जरूरी हो जाता है।

## गर्म कपड़े साथ लेकर चलें

इस साल मंदिर का कपाट 10 मई, 2024 को केदारनाथ मंदिर का लापत खुल रहा है। देश के अन्य हिस्सों में मई, अप्रैल और जून के महीने में भीषण गर्मी होती है, लेकिन केदारनाथ ट्रेकिंग के गर्मी नहीं, बल्कि ठंड पड़ती है और बारिश भी होने लगती है। जी हां, अगर आप अप्रैल, मई या जून या जुलाई के महीने में भी केदारनाथ यात्रा के लिए निकल रहे हैं, तो फिर आपको अपने साथ गर्म कपड़ा जरूर पैक करना चाहिए। इसके अलावा आपको अपने साथ छाता या रेनकोट भी जरूर पैक कर लेना चाहिए।



## इन बातों का भी ध्यान रखें

- केदारनाथ यात्रा पर निकलने से पहले कुछ जरूरी दवाइयों को पैक करना न भूलें। जैसे-बुखार, सर्दी-खांसी या दर्द आदि।
- केदारनाथ यात्रा पर निकल रहे हैं, तो छोटे बच्चों को साथ लेकर जाने की गलती न करें।
- केदारनाथ की यात्रा में रात के समय न निकलें, क्योंकि रात के सफर में ट्रेक के आसपास जंगली जानवर भी घूमते रहते हैं।
- सफर पर निकलने से पहले अच्छे क्वालिटी के रनिंग शूज पहनकर ही निकलें।
- अगर आप पैदल यात्रा नहीं कर सकते हैं, तो आप गौरीकुंड या सोनप्रयाग से खच्चर पर जा सकते हैं।

# ट्रैवलिंग लवर्स इस समर वेकेशन मुंबई के करीब इन जगहों को कर सकते हैं एक्सप्लोर



इस गर्मी आप भी मुंबई के करीब वेकेशन करने का प्लान कर रही हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप इस वेकेशन अपने परिवार के साथ मुंबई के करीब किन जगहों को एक्सप्लोर कर सकती हैं। मुंबई के करीब कई ऐसी जगहें हैं जहां आपको घूमने में काफी मजा आने वाला है।

## महाबलेश्वर

महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित महाबलेश्वर काफी खूबसूरत जगह है। महाबलेश्वर ब्रिटिश राज के समय बॉम्बे की ग्रीष्मकालीन राजधानी हुआ करता था। महाबलेश्वर में कई खूबसूरत मंदिर मौजूद है। ऐसे में आप अपनी फैमिली के साथ इस जगह को एक्सप्लोर कर सकती हैं। मुंबई से महाबलेश्वर 5 घंटे में पहुंच सकती हैं।

## अलीबाग

अलीबाग विकेंड पर सेलेब्स पर छुट्टीयां मनाने जाते रहते हैं। आप यहां सड़क या बोटिं के माध्यम से भी पहुंच सकती हैं। अलीबाग एडवेंचर के लिए जाना जाता है। ऐसे में आप चाहे तो इस गर्मी की छुट्टी अपनी फैमिली के साथ अलीबाग में स्टेकेशन का भी प्लान कर सकती हैं। मुंबई से अलीबाग 3 घंटे में पहुंच सकती हैं।

## नासिक

नासिक में कई हिंदू मंदिर देखने को मिल जाएगे। ऐसे में आप अपनी फैमिली के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान कर रही हैं तो आपको नासिक ही जाना चाहिए। मुंबई से वीकेंड की यात्राओं के लिए नासिक करीब भी है और यहां आप आसानी से अपनी फैमिली के साथ जा सकती हैं। मुंबई से नासिक आप 4 घंटे में पहुंच सकती हैं।

## शिरडी

महाराष्ट्र के करीब महाराष्ट्र भी आप चाहे तो विकेंड पर जा सकती हैं। आप मुंबई से ट्रेन की मदद से भी शिरडी जा सकती है। मुंबई और शिरडी के बीच सबसे तेज़ ट्रेन दादर साईं नगर शिरडी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन है इस ट्रेन के माध्यम से आप छह घंटे में शिरडी पहुंच सकती हैं।

# गर्मी के मौसम में साउथ इंडिया के इन ऑफ बीट हिल स्टेशन घूमने का है अपना ही मजा



जब गर्मी का मौसम आता है तो हम सभी ठंडी हवाओं का अहसास करने के लिए हिल स्टेशन का रुख करते हैं। पूरे देश में ऐसे कई हिल स्टेशन हैं, जो बहुत अधिक पॉपुलर हैं और इसलिए सालभर यहां पर पर्यटकों का तांता लगा रहता है। लेकिन अगर आप सिर्फ तपती गर्मी से ही दूर नहीं जाना चाहते हैं, बल्कि एक सुकून भी पाना चाहते हैं तो आपको कुछ ऑफ बीट हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहिए। इन हिल स्टेशन के बारे में कम लोगों ही पता है, इसलिए यहां पर आपको उतनी भीड़ नहीं मिलेगी। लेकिन यहां पर आप प्रकृति की खूबसूरती को बेहद ही करीब से निहार सकते हैं और एक शांति का अहसास कर सकते हैं। इन हिल स्टेशन पर लगभग पूरा साल ही मौसम काफी अच्छा रहता है।

## पोनमुडी, केरल

केरल के पश्चिमी घाट में स्थित, पोनमुडी तिरुवनंतपुरम जिले का एक शांत हिल स्टेशन है। त्रिवेन्द्रम से पोनमुडी तक के मार्ग में लगभग 22 हेयरपिन मोड़ हैं, इसलिए अगर आप एक एडवेंचर्स रोड ट्रिप प्लान कर रहे हैं तो ऐसे में पोनमुडी तक ड्राइविंग प्लॉन कर सकते हैं। इसके अलावा, पोनमुडी अपने ट्रैकिंग और हाइकिंग स्पॉट के लिए भी जाना जाता है। जब आप यहां पर हैं तो कल्लार मेन रोड से 3 किमी की दूरी पर मीनमुट्टी फॉल्स देख सकते हैं। इसके अलावा, और पेप्पारा वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में घूमना भी अच्छा आइडिया हो सकता है।

## कुद्रेमुख, कर्नाटक

दक्षिण भारत में अगर आप घूमने की एक अच्छी जगह की तलाश में हैं तो आपको कुद्रेमुख जाने का विचार करना चाहिए। यह एक ऐसी जगह है, जो अभी भी औद्योगीकरण से अछूती है। ऐसे में अगर आप शहरी जीवन की नीरसता से दूर किसी शांत जगह की तलाश में हैं, तो कुद्रेमुख को आपको बिल्कुल भी निराश नहीं करेगा। प्रकृति प्रेमियों के लिए छुट्टी बिताने के लिए यह एक बेहतरीन जगह है। जब आप यहां पर हैं तो कुद्रेमुख नेशनल पार्क, लाक्या बांध, क्यातनमक्की हिल स्टेशन आदि को एक्सप्लोर सकते हैं।

## अराकू, आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश के पूर्वी घाट में स्थित, अराकू घाटी परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए एक बेहतरीन जगह है। यह एक ऐसा हिल स्टेशन है, जो खूबसूरत झरनों और कॉफी बागानों के बीच के लिए बहुत अधिक प्रसिद्ध है। इसके अलावा, अराकू घाटी अपने अनूठे व्यंजनों के लिए जानी जाती है जो आंध्र, तेलंगाना और ओडिशा के स्वादों का मिश्रण है।

# नॉर्थ इंडिया में कैंपिंग के लिए इन जगहों को करें एक्सप्लोर

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें कुछ ना कुछ एडवेंचर्स करना हमेशा ही अच्छा लगता है। ऐसे लोग कुछ ना कुछ नया एक्सप्लोर करना चाहते हैं। अगर आप भी घूमते हुए कुछ नया व यादगार करना चाहते हैं तो ऐसे में कैम्पिंग करना अच्छा आइडिया हो सकता है। यूं तो पूरे भारत में कैम्पिंग के लिए कई बेस्ट प्लेसेस हैं, लेकिन नॉर्थ इंडिया में कैम्पिंग करने का अपना एक अलग ही मजा है। नॉर्थ इंडिया में हिल स्टेशनों से लेकर घाटियों तक बेहद ही खूबसूरत जगहें हैं, जिन्हें आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। इन जगहों पर कैम्पिंग करने का अपना एक अलग ही आनंद है। जरा सोचिए, ठंडी झीलों के किनारे कैम्पिंग करने से लेकर फूलों की घाटी के बीच तक, रूकने से आपको कैसा आनंद आएगा। इसलिए यदि आप वास्तव में प्रकृति को करीब से महसूस करना चाहते हैं तो आपको नॉर्थ इंडिया के कुछ प्लेसेस पर कैम्पिंग करने का विचार करना चाहिए।



## सांगला वैली

जब नॉर्थ इंडिया में पॉपुलर कैंपिंग प्लेस की बात हो तो उसमें सांगला वैली का नाम जरूर लिया जाता है। यह हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित है। विशाल हिमालय में स्थित और ऊंचे पहाड़ों और खड़ी घाटियों से घिरा, यह उन स्थानों में से एक है जो आपको एक अलग ही अनुभव करवाता है। यहां पर आप खुद को सांसारिक जीवन से बहुत अधिक दूर पाते हैं और ऐसे में खुद के साथ कनेक्ट कर पाते हैं। जब आप यहां पर हैं तो ट्रेक करने से लेकर तारों की छांव में रात बिता सकते हैं।

## स्पीति वैली

स्पीति वैली एक रेगिस्तानी पहाड़ी घाटी है और यहां के नजारे बेहद ही लाजवाब है। स्पीति वैली नॉर्थ इंडिया में कैंपिंग के लिए एक बेहतरीन डेस्टिनेशन है। यहां पर आप खुद को प्रकृति के करीब तो पाते ही हैं, साथ ही साथ बौद्ध प्रभावों का भी पता लगा सकते हैं। यकीन मानिए, स्पीति नदी के किनारे कैम्पिंग करना एक ऐसा अनुभव है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे।

## धर्मशाला

धर्मशाला दलाई लामा का निवास स्थान है। आप धर्मशाला या फिर इसके नजदीकी शहर मैकलियोडगंज में कैम्पिंग करने का मन बना सकते हैं। त्रिउंड ट्रेक मैकलियोड गंज के पास एक पॉपुलर कैंपिंग ट्रेल है, जो बर्फ से ढकी चोटियों के खूबसूरत दृश्य पेश करता है। अगर आप यहां पर कैम्पिंग करते हैं तो हिमालयन ट्रेल को एक्सप्लोर करने के साथ-साथ लोकल तिब्बती कल्चर को भी एक्सपीरियंस कर सकते हैं।

## ऋषिकेश

गंगा नदी के किनारे हिमालय की तलहटी में स्थित ऋषिकेश कैम्पिंग के लिए यकीनन एक बेहतरीन जगह है। आप नदी के किनारे से लेकर घने जंगलों के बीच कैम्पिंग करने का विचार बना सकते हैं। कैम्पिंग करने के अलावा आप यहां पर रिवर राफ्टिंग, ट्रैकिंग, योग और मेडिटेशन रिट्रीट आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# वाराणसी से जुड़ी इन बातों को जानने के बाद आप आज ही कर लेंगे बैग पैक

यूं तो भारत में घूमने के लिए कई बेहतरीन जगहें हैं, लेकिन जब बात वाराणसी की हो तो उसका अपना एक अलग सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व है। वाराणसी दुनिया का सबसे पुराना जीवित शहर है। यह एक बेहद ही पवित्र स्थान है, जहां पर साल भर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इस जगह पर आने वाले पर्यटक ना केवल आध्यात्मिकता से सराबोर होता है, बल्कि यहां पर ऐसी अन्य भी कई चीजें हैं, जो उन्हें मंत्रमुग्ध कर देती हैं। वाराणसी की भूमि सदियों से हिंदुओं के लिए परम तीर्थ स्थान रही है। ऐसा कहा जाता है कि जिसे वाराणसी की भूमि पर मरने का सौभाग्य प्राप्त होता है, उसे जन्म और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति मिल जाती है। अगर आप यहां पर घूमने का मन बना रहे हैं, तो पहले आपको वाराणसी के बारे में कुछ बातें जान लेनी चाहिए। दरअसल, वाराणसी से जुड़ी ऐसी कई बातें हैं, जिन्हें जानने के बाद आपकी यहां पर घूमने की इच्छा और भी अधिक प्रबल हो जाएगी।



## भगवान शिव और देवी पार्वती का घर

वाराणसी को देश का सबसे पवित्र शहर माना जाता है। इसे धरती का सबसे पुराना जीवित शहर माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि वाराणसीस भगवान शिव और देवी पार्वती का घर माना जाता है। इस जगह को लेकर मान्यता है कि यह भगवान का घर है और जो व्यक्ति यहां अपनी अंतिम सांस लेता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## अजीब चीज़ों का शहर

वाराणसी में लोगों की अपनी एक अलग धार्मिक आस्था है। यहां पर आपको कुछ अजीबोगरीब चीजों पर विश्वास करने वाले लोग मिल जाएंगे। यहां होने वाली सबसे अजीब चीजों में से एक है लोगों द्वारा मेंढकों को पकड़ना और उनकी शादी कराना। यह एक पुरानी परंपरा है जिसका पालन लोग बारिश के देवता को प्रसन्न करने के लिए करते हैं। यह आमतौर पर तब किया जाता है जब बारिश में देरी होती है।

## बनारसी सिल्क

वाराणसी आने वाले टूरिस्ट बनारसी सिल्क की साड़ियां जरूर खरीदते हैं। यह अपनी बनारसी रेशम साड़ियों के लिए प्रसिद्ध है, जो अपने डिजाइन, बेहतरीन शिल्प कौशल और शानदार बनावट के लिए जानी जाती हैं। वाराणसी में घूमते हुए आप कुशल बुनकरों को पारंपरिक तकनीकों का उपयोग करके इन बेहतरीन साड़ियों को बनाते देख सकते हैं। वाराणसी की बनारसी साड़ी को दुनिया भर में पसंद किया जाता है।

## घाट

जब वाराणसी की बात होती है तो वहां के घाटों का जिक्र जरूर किया जाता है। दरअसल, वाराणसी अपने कई घाटों के लिए प्रसिद्ध है, जहां अनुष्ठान, समारोह और दाह संस्कार होते हैं। इन घाटों का अपना एक धार्मिक महत्व तो है ही, साथ ही साथ ये घाट, नदी और शहर के अद्भुत दृश्य भी प्रस्तुत करते हैं। यहां तक कि दुनिया भर से लोग शहर के घाटों को देखने के लिए यहां आते हैं। आपको शायद जानकर हैरानी हो, लेकिन बनारस में कुल 84 घाट हैं।

## वाराणसी है कल्चरल हब

वाराणसी घूमना इसलिए भी शानदार माना जाता है, क्योंकि यह कल्चर, आर्ट, म्यूजिक और ट्रेडिशन का एक बेहतरीन मिश्रण है। कई प्रसिद्ध संगीतकार, विद्वान और कलाकार इसे अपना घर कहते हैं। ऐसे में अगर आप संगीत प्रेमी है या फिर अपने कल्चर को करीब से देखना चाहते हैं तो आपको एक बार वाराणसी जरूर जाना चाहिए।

# केरल में बच्चों के साथ घूमने के लिए बेस्ट हैं ये जगहें, आप भी बनाएं घूमने का प्लान

केरल एक ऐसी जगह है, जो केवल बड़े ही नहीं बल्कि बच्चों को भी घुमाया जा सकता है। अगर आप अपने पूरे परिवार के साथ केरल में छुट्टियां मनाने जा रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके काम आएगा। केरल में ऐसी कई खास जगहें है, जो बच्चों को बहुत अधिक पसंद आएगी। अगर आप केरल जा रहे हैं, तो एक बार आपको यहां जरूर जाना चाहिए।

**त्रिवेंद्रम चिड़ियाघर :** केरल गए और त्रिवेन्द्रम नहीं देखा, तो क्या देखा। केरल की राजधानी त्रिवेन्द्रम में स्थित यह चिड़ियाघर 55 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस चिड़ियाघर में आपको दुनिया भर से 82 अलग-अलग प्रजातियों के जीव-जंतुओं को देखने का अवसर मिलेगा। बच्चों को ऐसी जगहों पर घूमना पसंद आता है। स्वदेशी प्रजातियों में एशियाई शेर, सफेद बाघ, एशियाई हाथी और तेंदुए शामिल हैं। इसके अलावा अगर आपको सांपों से डर नहीं लगता है, तो यहां आप द रेप्टाइल हाउस जा सकते हैं। यह एक सांप फार्म है।

**समय :** ध्यान रखें कि यह सोमवार के दिन आम लोगों के लिए बंद रहता है। आप मंगलवार से रविवार में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कभी भी जा सकते हैं।

**लोकेशन :** नानथनकोड रोड, तिरुवनंतपुरम, केरल।



**परास्सिनिक्कदावु स्नेक पार्क :** अगर आप केरल के कन्नूर जिले में घूमने जा रहे हैं, तो बच्चों को इस पार्क में लेकर जा सकते हैं। यह कन्नूर जिले का सबसे फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। ये पार्क केवल केरल ही नहीं बल्कि पूरे देश में फेमस है। इस पार्क की स्थापना का उद्देश्य उन सांपों का संरक्षण करना है, जो लुप्त होते जा रहे हैं। यहां आपको किंग कोबरा, स्पेक्टेक्ल्स कोबरा और पाइथन जैसे जहरीले और गैर-जहरीले सांप देखने को मिलेंगे। अगर बच्चे सांपों से नहीं डरते हैं, तो आप उन्हें या ले जा सकते हैं।

**समय :** सुबह 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक हर दिन खुला रहता है।

**लोकेशन :** मय्यिल रोड, धर्मशाला, परास्सिनिकादावु, केरल।

**अभयारण्यम चिड़ियाघर :** हरी-भरी हरियाली, ऊचें पेड़ और घनी झाड़ियां इस चिड़ियाघर को और भी ज्या सुंदर बनाती है। इस जगह को तितलियों के लिए भी जाना जाता है। अगर आप बच्चों को सांप वाली जगह नहीं ले जाना चाहते हैं, तो अभयारण्यम चिड़ियाघर लेकर जाए। यहां गार्डन में 8 अलग-अलग प्रकार की तितलियां देखने को मिलेंगी। तितलियों को देखने के लिए गार्डन में अलग से बटरफ्लाई गार्डन बनाया गया है।

क्षमा धर्म है, क्षमा यज्ञ है, क्षमा वेद है और क्षमा शास्त्र है। इसको जानने वाला सब कुछ क्षमा करने योग्य हो जाता है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# हाईकोर्ट में पेश हुए डीजीपी

## कोर्ट ने कहा-गुमशुदगी के मामलों में पुलिस गंभीर नहीं, 2-3 दिन में जांच शुरू हो तो रिकवरी के चांस ज्यादा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में नाबालिग बच्चियों की गुमशुदगी के मामले में सोमवार को डीजीपी यूआर साहू हाईकोर्ट में पेश हुए। जस्टिस इंद्रजीत सिंह की खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- पुलिस में डीएसपी स्तर तक के अधिकारी गुमशुदगी के मामलों को लेकर गंभीर नहीं हैं। हाईकोर्ट ने कहा- गुमशुदगी दर्ज होने के कई दिनों तक मामलों में जांच शुरू नहीं होती है। अगर इस तरह के मामलों में दो से तीन दिन में जांच शुरू हो जाए तो रिकवरी के चांस बढ़ जाते हैं। हाईकोर्ट ने कहा- हम पहले एसएचओ को बुलाते हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है। लेकिन, जैसे ही हम एसपी को बुलाते हैं, कार्रवाई शुरू हो जाती है। कई बार रिकवरी भी हो जाती है। ऐसे तो हम हर मामले में एसपी को बुलाना ही शुरू कर दें।

### प्रदेश में साढ़े 6 हजार लोग लापता

डीजीपी यूआर साहू ने कहा- हम प्रदेश में लापता लोगों को ढूंढने के पूरे प्रयास करते हैं। हमने 96 प्रतिशत मामलों में बरामदगी की है। प्रदेश में अभी करीब 6500 लोगों की बरामदगी शेष है। प्रदेश में गुमशुदगी के मामलों को लेकर एसओपी बनी हुई है।

# इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

## विमान मुंबई से वाराणसी जा रहा था; छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि एमआईडीसी सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्यवाही पूरी कीं और विमान वाराणसी के लिए रवाना हो गया। जबकि महिला का शव छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया।

# जेलों में कॉल ब्लॉक करने के लिए लगेंगी हाईटैक मशीनें

## फोन और सिम पर नहीं मिलेगा नेटवर्क, राजस्थान में नई तकनीक शुरू की जा रही



बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में जेल विभाग ने नई व्यवस्था पर काम करना शुरू किया है। इस नई व्यवस्था को बाद अलग मोबाइल जेल में पहुंच गया तो भी कैदी उसका इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। इसके लिए हाईटैक मशीनों का उपयोग किया जाएगा। जो जैमर्स से भी पावरफुल होंगे। सबसे पहले बीकानेर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर समेत हाई सिक्योरिटी जेलों में इस तकनीकी का उपयोग होगा। जेलों में उपयोग में होने वाली सिम की कॉल बाहर नहीं जाए, इसके लिए सभी जेलों में में टावर फॉर हार्मोनियस कॉल ब्लोकिंग सिस्टम (टीएचसीबीएस) नाम से नई टेक्नॉलॉजी को ला रहे हैं। इसके लिए जेल परिसर में एक टावर लगाया जाएगा। इस टावर पर सभी मोबाइल नेटवर्क प्रदान करने वाली कम्पनियां अपने-अपने इंस्ट्रूमेंट लगाएंगी, जिससे मोबाइल कॉल बाहर नहीं जा सकेगा। इस सिस्टम के लगने के बाद जेल से कॉल होना लगभग असंभव हो जाएगा। आगामी तीन-चार महीनों में चार जेलों में और उसके बाद प्रदेश की सभी जेलों में ये टावर लगा दिए जाएंगे। ये लगने के बाद नॉर्मल और इंटरनेट कॉल भी नहीं लगेगा। इस तकनीक की खासियत होगी कि यह किसी भी कम्पनी के मोबाइल को जेल परिसर में नहीं चलने देगी।

# ममता बोलीं- काबिल टीचर्स के लिए कोर्ट का फैसला अन्यायपूर्ण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को उन शिक्षकों और स्टाफर्स से मुलाकात की, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं। यह फैसला उन कैंडिडेट्स के लिए अन्याय है, जो काबिल शिक्षक थे। ममता ने यह मुलाकात कोलकाता के नेताजी इनडोर स्टेडियम में की। इस दौरान उन्होंने कहा, आप लोग यह मत समझिए कि हमने फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थरदिल नहीं हैं। मुझे ऐसा कहने के लिए जेल भी डाल सकते हैं, लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ता है। वहीं, शिक्षकों ने कहा कि घोटाले में ष्टरू उनका मंत्रिमंडल और आयोग सभी शामिल हैं।



# जोधपुर में गैस सिलेंडर में ब्लास्ट, दो की मौत

## 12 लोग झुलसे, मकान में रखे फर्नीचर से भड़की आग

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स. )।** जोधपुर में दर्दनाक हादसा हो गया यहां नागोरी गेट पुलिस थाना क्षेत्र के मियों की मस्जिद के पास एक रहवासी मकान में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई।

घर के निचले हिस्से में लकड़ी का कारखाना था जिसके कारण काफी मात्रा में लकड़ी और पॉलिश का केमिकल मौजूद था। इस वजह से विकराल हो गई आग । आग जैसे ही गैस सिलेंडर में लगी तो आग ने पॉलिश केमिकल के साथ मिलकर विकराल रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए करीब एक दर्जन दमकल मौके पर पहुंची।

मकान के अंदर उमराह की खुशी को लेकर खाने का आयोजन रखा गया था। जिसके चलते घर में काफी लोग थे । अचानक गैस की टंकी में रीसाव होने के साथ धमाके के बाद आग लग गई । आग की सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों ने ऑक्सीजन सिलेंडर और मास्क मंगवाये और मकान की तलाशी ली। इस दौरान मकान में रखे कुछ घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिसाव हो रहा था। जिसे समय रहते हटाया गया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।



*संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर में गैस सिलेंडर रिसाव के कारण घटित घटना में हुई जनहानि पर दुःख प्रकट किया। और ईश्वर से प्रार्थना कि की दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं प्रभावित नागरिकों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।*

*-जोगाराम पटेल*

# इस्तीफा स्वीकार नहीं किया, काम तो करूं, विभाग उजड़ रहा : किरोड़ी

## कहा : रणथंभौर टाइगर रिजर्व में अवैध गतिविधियां चल रहीं, बाघों का दम घुट रहा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने 9 महीने बाद विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान मीडिया से बात की। अब तक एक्टिव नहीं होने के सवाल पर किरोड़ी ने कहा- मैंने रुचि नहीं ली, जिसका कारण आपको पता है। वहां की सीटें हार गया था, नैतिकता की नाते मैंने इस्तीफा दे दिया था। मैंने कोशिश की मुख्यमंत्री स्वीकार कर लें। इस्तीफा स्वीकार नहीं किया, काम तो करूं। मेरा विभाग उजड़ रहा है। पिछली भी जो गड़बड़ हुई है, उसको सही करना है। विभाग को तेज गति से चलाना मेरी प्राथमिकता है।

गिले शिकवे दूर होने के सवाल पर किरोड़ी ने कहा- गिले शिकवे तो पहले भी नहीं थे। मैंने तो नैतिकता के नाते इस्तीफा दे दिया था। मुख्यमंत्री और पार्टी से मेरी कोई शिकायत नहीं थी। मैं इस्तीफा नहीं देता तो आप रोज मुझे कुरेदते कि इस्तीफे की घोषणा कर दी, इस्तीफा नहीं दिया। इसलिए मैंने इस्तीफा दिया था। अब मैं काम करूं नहीं तो किसान परेशान होंगे।

### रणथंभौर टाइगर रिजर्व में अवैध गतिविधियां चल रही हैं

दिल्ली दौरे के सवाल पर किरोड़ी ने कहा- दिल्ली यात्रा पर मैं दो-तीन मंत्रियों से मिलकर आया था, राज्य के कुछ विषय थे। उन पर बात हुई है। सवाई माधोपुर में रणथंभौर टाइगर सेंचुरी का एरिया है, वहां गड़बड़ हो रही है। वहां होटल और पीजी गेस्ट हाउस बन गए। टाइगर वहां सफोकेटेड (दम घुटना) हो रहा है। वहां अवैध गतिविधियां चल रही हैं। वहां मनमर्जी की जानकारी दी थी। गडकरी साहब से निवेदन किया था कि सेंचुरी को हाईवे से जोड़ा जाए।

### दानिश अबरार की मां यास्मीन अबरार को एक ही दिन में लाखों का पॉलीहाउस दे दिया

किरोड़ी ने कहा- हमारे विभाग की कई स्कीम्स में गड़बड़ियां हैं। मेरे सवाई माधोपुर में भी गड़बड़ी हुई है। वहां के कांग्रेस विधायक रहे दानिश अबरार की मां यास्मीन अबरार को पोली हाउस दे दिया। आप दो, लेकिन एक दिन में आउटऑफ वे जाकर कोई पोली हाउस देगा। सबकी प्रायोरिटी लांघकर दिया गया। इस तरह की गड़बड़ी हो रही है, उसकी जांच कराएंगे। भ्रष्टाचार पर हमारी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। इस मामले में गड़बड़ी पाई गई तो कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस राज के समय की बहुत सी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं।

# राजस्थान के 14 जिलों में लू का अलर्ट

## 27 साल का रिकॉर्ड टूटा; अप्रैल के पहले सप्ताह में पहली बार पारा 45 डिग्री के पार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 27 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले सप्ताह में इतना तापमान कभी दर्ज नहीं हुआ। मंगलवार को भी 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। इस गर्मी से अगले दो-तीन दिन फिलहाल कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। उधर, हेल्थ सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों ने अचानक बढ़ी गर्मी को देखते हुए आमजन को बचाव करने और हाइड्रेट रहने की सलाह दी है।

### बाड़मेर सबसे ज्यादा गर्म शहर

सबसे ज्यादा गर्म दिन कल बाड़मेर में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ये साल 1998 के बाद बाड़मेर में अप्रैल माह के पहले सप्ताह का सर्वाधिक तापमान रहा। इससे पहले 3 अप्रैल 1998 में बाड़मेर में 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। भीषण गर्मी के कारण कल बाड़मेर, जैसलमेर में हालात खराब रहे।

जैसलमेर में भी कल अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दोनों ही शहरों में कल दिन में लू चली। बाड़मेर में दिन ही नहीं बल्कि रात में भी गर्मी तेज रही। यहां कल रात का न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो औसत से 6.4 डिग्री ऊपर दर्ज हुआ।



**21 शहरों में पारा 40 पर पहुंचा-**बाड़मेर, जैसलमेर के अलावा जोधपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर, जालोर, चित्तौड़गढ़ समेत 21 शहरों में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में तेज गर्मी के कारण लोगों की सड़कों पर आवाजाही भी कम रही। अजमेर में कल अधिकतम तापमान 40 .8 डिग्री सेल्सियस, भीलवाड़ा, वनस्थली (टोंक) में 41 .6, पिलानी में 41, कोटा में 42 .4, उदयपुर में 40 .9, चित्तौड़गढ़ में 43 .2, जोधपुर में 43, बीकानेर में 43 .3, चूरू में 42 .4, श्रीगंगानगर में 41 .7, जालोर में 42, पाली में 41 .2, सिरोही, बारां में 40, फतेहपुर में 40 .3 और डूंगरपुर में 41 .1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# जयपुर नगर निगम हेरिटेज में कमेटियां बनी

## कांग्रेस से छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए पार्षदों को भी चेयरमैन बनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज में आखिरकार संचालन समितियों का गठन हो गया है। सरकार ने 24 समितियों का गठन किया है। करीब 4 साल 5 माह के लंबे अंतराल के बाद कमेटियां बनाई गई है। इन कमेटियों का कार्यकाल इसी साल 10 नवंबर तक रहेगा। 10 नवंबर के बाद नगर निगम हेरिटेज के बोर्ड का भी कार्यकाल पूरा हो जाएगा। खास बात ये है कि इन कमेटियों में उन पार्षदों को भी चेयरमेन बनाया गया है, जो कांग्रेस की मेयर रही मुनेश गुर्जर को हटाने के लिए बीजेपी के साथ में आए और बीजेपी बोर्ड को समर्थन दिया है।

आपको बता दें कि नवंबर 2020 में बोर्ड का गठन होने के बाद यहां कांग्रेस की पार्षद मुनेश गुर्जर मेयर बनी थीं, जिसे निर्दलीय पार्षदों ने समर्थन दिया था। तब से अब तक समितियों का गठन नहीं हुआ था। पिछले साल मुनेश गुर्जर को पद से हटाने के लिए कांग्रेस और निर्दलीय 8 पार्षदों ने बीजेपी को समर्थन दिया था।

हालांकि इन सभी पार्षदों को बीजेपी ने अब तक अपना प्राथमिक सदस्य नहीं बनाया है। इस समर्थन के बाद सरकार ने मुनेश गुर्जर को पद से हटाकर कुसुम यादव को कार्यवाहक मेयर बनाया। वहीं, समर्थन देने वाले कांग्रेसी और निर्दलीय पार्षदों को समितियों में चेयरमैन बनाकर उनको तोहफा दिया।

### रवि जैन के नाम पर गफलत

फुटकर व्यवसाय पुनर्वास समिति के चैयरमेन रवि जैन को लेकर डीएलबी अधिकारियों में गफलत हो गई। रवि जैन अभी किसी भी वार्ड से पार्षद नहीं है। समितियों का जो प्रस्ताव आया था वह उसमें भी रवि जैन के नाम के आगे कोई वार्ड नंबर या पार्षद होने का जिक्र नहीं था। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर क्या आंखे मूंदकर समितियों के चैयरमेन तय किए गए है?

### इन पार्षदों को दी समितियों में चेयरमैन की कुर्सी

पूर्व मेयर मुनेश गुर्जर को हटाने के लिए बीजेपी को समर्थन देने वाले कांग्रेस और निर्दलीय 8 पार्षदों में से 7 को सरकार ने समितियों में चेयरमैन बनाया है। इसमें मनोज मुद्गल, उत्तम शर्मा, ज्योति चौहान, अरविंद मेठी, मोहम्मद जकरिया, पारस जैन, संतोष कंवर को चेयरमैन बनाकर बीजेपी ने अपना कमिटमेंट पूरा किया।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# सुप्रीम कोर्ट बोला- यूपी में जो हो रहा, वो गलत

## इन्वेस्टिगेटिंग अफसर को कटघरे में खड़ा करो, सिविल मुकदमों को क्रिमिनल केस में बदलने का मामला

बढ़ता राजस्थान

**गाजियाबाद ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूपी पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। सिविल मुकदमों को क्रिमिनल केस में बदले जाने पर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, यूपी में जो हो रहा है, वह गलत है। चीफ जस्टिस ने कहा, हर रोज सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। यह बेतुका है, सिर्फ पैसे नहीं देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता, ये कानून के शासन का पूरी तरह ब्रेकडाउन है। सीजेआई ने कहा, इन्वेस्टिगेटिंग अफसर को कटघरे में खड़ा करो और क्रिमिनल केस बनाओ। अधिकारी को भी तो सबक मिलना चाहिए। चार्जशीट फाइल करने ये कोई तरीका नहीं है। डिप्टी जनरल ऑफ पुलिस से भी कहेंगे कि यूपी में ये जो हो रहा है, वह उसमें कुछ करें। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि आगे से इस तरह के मामलों में पुलिस पर जुर्माना लगेगा।

ग्रेटर नोएडा में चेक बाउंस होने का केस क्रिमिनल में दर्ज किया-दरअसल, ग्रेटर नोएडा में पैसे के लेनदेन के एक मामले को पुलिस ने सिविल केस की जगह क्रिमिनल केस बनाते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी थी। याचिककर्ता का कहना था कि पुलिस ने पैसे लेकर मामले को क्रिमिनल बना दिया। पुलिस ने सिविल मुकदमे को आपराधिक



मामले में तब्दील करने के बाद समन जारी किया। याचिकाकर्ता ने इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया और एफआईआर रद्द करने की मांग की।